तापमान
अधिकतम 27.7 डिग्री
न्यूनतम 9.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


कोनी क्षेत्र में खराब सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू

# कंपकंपाने लगी ठंड, शहर में पारा सामान्य से चार डिग्री नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिसंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड ने जोरदार वापसी की है। बुधवार को शहर का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। आमतौर पर बिलासपुर शहर व पेंड्रा के तापमान में कम से कम तीन से चार डिग्री का अंतर देखा जाता है, लेकिन यह अंतर केवल एक डिग्री में ही सिमटकर रह गया है। यही कारण है कि रात के अलावा दिन में भी ठंड लोगों को कापंने पर मजबूर कर रही है, लोगों को ठंड से बचने दिन में भी मोटे-मोटे गर्म कपड़ों की मदद लेनी पड़ रही है।

शहर में जोरदार ठंड पड़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाने लगी है। बुधवार को शहर का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री तक नीचे आ गया। इसी तरह अधिकतम तापमान 27. 4 डिग्री दर्ज किया गया है। बिलासपुर शहर में इस समय औसतन रहने वाले तापमान के मुकाबले न्यूनतम तापमान चार डिग्री कम है। हालांकि मौसम विभाग द्वारा जिले में तीन से चार दिनों के भीतर शीतलहर चलने की संभावना पहले ही जाहिर की जा चुकी थी। पेंड्रा क्षेत्र को जंगली क्षेत्र होने के कारण शहर की तुलना में अधिक ठंडा माना जाता है। वहां शहर की तुलना में न्यूनतम तापमान भी तीन से चार डिग्री नीचे होता है।

बुधवार को पेंड्रा का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया, जो कि बिलासपुर से केवल एक डिग्री कम था। इसी तरह अंबिकापुर ठंड के मामले में पेंड्रा व बिलासपुर से काफी ऊपर है। अंबिकापुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया है।

शहर का न्यूनतम तापमान 9.4 पर पहुंचा, रात में सड़कों पर आवागमन कम



### शीत गिरने से वाहन चलाने में दिक्कत

ठंड का प्रभाव जैसे-जैसे तेज हो रहा है आसमान से शीत भी उतनी ही बड़ी मात्रा में गिरने लगी है। इस दौरान रात में जरूरी काम के सिलसिले में चारपहिया वाहन चलाने में बड़ी दिक्कत होने लगी है। शीशे पर शीत जमने से वाहन चालकों को इतनी ठंड में भी वाहनों में एसी का उपयोग करना पड़ रहा है। सड़क पर कोहरे के कारण भी वाहन चालकों को वाहन न केवल धीमे चलाना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटना का शिकार भी होना पड़ रहा है।

### निगम के अलाव से राहत पा रहे जरूरतमंद

जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने नगर निगम प्रशासन ने रात में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं। शहर में अलाव जलाए भी जा रहे हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं। शहर की सड़कों पर रात में मजबूरीवश निकलने वाले आटो रिक्शा चालक, देर रात बस व ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों एवं सड़कों पर ही रात गुजारने वालों के द्वारा रात भर आग जलाने का इंतजाम किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ऑपरेटिंग विभाग के सीनियर डीईई का तबादला

**बिलासपुर**। लाल खदान में हुए रेल हादसे में अब रेलवे जोनल मुख्यालय के अफसरों ने बड़ी कार्रवाई की है। अफसरों ने वर्तमान में ऑपरेटिंग के सीनियर डीईई ओपी मसूद आलम का तबादला कर दिया है। 4 नवंबर को लालखदान में कोरबा बिलासपुर लोकल मेमू और मालगाड़ी में टक्कर हो गई थीं। इस मामले की जांच करते हुए रेलवे सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा ने रेल प्रशासन की लापरवाही के कारण घटना होने की रिपोर्ट दी है। श्री मिश्रा की जांच से पहले रेलवे की जांच टीम ने ऑपरेटिंग विभाग के सीनियर डीईई ओपी मसूद आलम को जिम्मेदार मानते हुए लंबी छुट्टी पर भेज दिया था। श्री आलम के स्थान पर अब तक बिलासपुर डिवीजन के टीआरडी के वरिष्ठ डीईई विवेक कुमार अतिरिक्त प्रभार में थे। बुधवार की रात अचानक जोन मुख्यालय से डिप्टी चीफ पर्सनल ऑफिसर की ओर से एक ऑर्डर जारी किया गया। इसमें लंबी छुट्टी पर भेजे गए ऑपरेटिंग विभाग में वर्तमान सीनियर डीईई ओपी मसूद आलम का ट्रांसफर सीनियर डीईई टीआरएस कर दिया गया है। वहीं ऑपरेटिंग के नए सीनियर डीईई ओपी के पद पर सीनियर डीईई टीआरएस को पदस्थ कर दिया गया है।

### 31 तक करा सकते हैं रबी फसलों का बीमा

**बिलासपुर**। किसानों को रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर तक कराने अपील की गई है। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में चालू सीजन में रबी फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस माह की 31 तारीख तक बीमा आवेदन की अंतिम तारीख तय की गई है। बताया गया कि पिछले साल बीमित फसलों के एवज में 1 करोड़ 5 लाख रूपए की बीमा दावे का भुगतान लगभग 4 सौ किसानों को किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मौसम की अनिश्चितता से फसल हानि से बचाने के लिए बीमा करा लेने की अपील किसानों से की है। उप संचालक कृषि ने बताया कि बिलासपुर जिले में एचडीएफसी अर्गो जनरल इन्श्यूरेंस कम्पनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बिलासपुर-मडर फेरे और हावड़ा-सीएसएमटी लगाएगी एक फेरा

# फ्लाइट बंद होने से ट्रेनों में बढ़ी भीड़ रेलवे ने शुरू की शीतकालीन स्पेशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डोमेस्टिक एयरलाइन्स कंपनी इंडिगो की बड़ी संख्या में फ्लाइट के रद्द होने के कारण बड़े शहरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की एकाएक भीड़ बढ़ गई है। इसके कारण रेलवे ने नार्मल कोच में अतिरिक्त कोच के स्थान पर शीतकालीन स्पेशल के नाम से ट्रेन का परिचालन शुरू किया है, जिसमें एक ट्रेन बिलासपुर से रायपुर होते हुए मड़गांव तक और दूसरी ट्रेन हावड़ा से सीएसएमटी के बीच चलाई जा रही है।

पिछले कई दिनों से इंडिगों की फ्लाइट के नहीं चलने की वजह से मेट्रो स्टेशन की ओर आने-जाने वाले हजारों यात्री परेशान हो गए हैं। इन सभी ने फ्लाइट के जाने की तिथि से पहले ही अपनी टिकिट की बुकिंग कर रखी थी। अचानक फ्लाइट के केंसिल होने के कारण हलाकान यात्रियों का अब रूख ट्रेनों की ओर हो गया है। विशेषकर नई दिल्ली, जम्मू, हैदराबाद, प्रयागराज, मुम्बई और हावड़ा के अलावा अन्य मेट्रो सिटी से रायपुर और बिलासपुर आने वाली फ्लाइट के यात्री मजबूरी में ट्रेन में सफर कर रहे हैं। बिलासपुर जोन में हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली हावड़ा-मुम्बई सीएसएमटी मेल, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस के साथ बिलासपुर से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण वेटिंग की स्थिति निर्मित हो गई है। रेल मंत्रालय ने इंडिगो रद्द होने के कारण परेशान यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने के अलावा सामान्य ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का आदेश सभी जोनल मुख्यालय को दिया है। इसके तहत बिलासपुर एसईसीआर में यात्रियों की सुविधा के लिए दो ट्रेनों का परिचालन शुरु किया जा रहा है। इसमें पहली ट्रेन बिलासपुर से रायपुर होते हुए मड़गांव तक और दूसरी ट्रेन हावड़ा से बिलासपुर, रायपुर होते हुए सीएसएमटी मुम्बई तक एक और चार फेरे के लिए चलाई जाएगी।



### हावड़ा-सीएसएमटी एक फेरा लगाएगी आज

हावड़ा से सीएसएमटी और सीएसएमटी से हावड़ा के मध्य एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 02870 हावड़ा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन हावड़ा से 11 दिसम्बर गुरुवार को तथा गाड़ी संख्या 02869 सीएसएमटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से 13 दिसम्बर शनिवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। हावड़ा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन गुरुवार को हावड़ा से 13.55 बजे रवाना होकर दूसरे दिन शुक्रवार को बिलासपुर 1.15 बजे, रायपुर 3.15 बजे, होते हुए हुए 23.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। इसी तरह सीएसएमटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन शनिवार को सीएसएमटी से 11.05 बजे रवाना होकर दूसरे 20.55 बजे हावड़ा आकर समाप्त हो जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन में एक एसएलआरडी, चार सामान्य, 6 स्लीपर, दो एसी-थ्री इकोनामी, 5 एसी-थ्री, दो एसी-टू, एक जनरेटर कार की सुविधा होगी।

### नॉन इंटरलाकिंग से ट्रेन परिचालन प्रभावित आज से

अधोसंरचना विकास में पूर्व तटीय रेलवे खुर्दा रोड मंडल के राज आठगढ़ स्टेशन में तीसरी व चौथी लाइन कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इन ट्रेनों में 11 से 19 दिसम्बर तक पुरी से चलने वाली 18216 पुरी- दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खुर्दा रोड, विजयनगरम, रायगड़ा, टिटलागढ़, लखौली होकर, दुर्ग से रवाना होने वाली 18425 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया लखौली, टिटलागढ़, रायगड़ा, विजयनगरम, खुर्दा रोड होकर, 12, 13, 16 दिसम्बर को विशाखापट्टनम से चलने वाली 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया विजयनगरम, रायगड़ा, संबलपुर, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर, 10, 13, 14 व 17 दिसम्बर को अमृतसर से चलने वाली 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर, रायगड़ा, विजयनगरम होकर विशाखापट्टनम तक चलेगी।

### चार फेरा लगाएगी बिलासपुर-मड़गांव 20 से

08241 बिलासपुर-मडगाँव शीतकालीन स्पेशल ट्रेन 20, 27 दिसम्बर तथा 3 एवं 10 जनवरी को प्रति शनिबार को 14.45 बजे रवाना होगी और गाड़ी संख्या 08242 मडगांव-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन मडगांव से 22, 29 दिसम्बर तथा 5 एवं 12 जनवरी प्रत्येक सोमवार को 5.30 बजे छोड़ी जाएगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, गोंदिया एव नागपुर स्टेशनों में दिया गया है। इस शीतकालीन स्पेशल ट्रेन में एक एसएलआरडी, तीन सामान्य, दो स्लीपर, दो एसी-थ्री इकोनामी, आठ एसी-थ्री, एक एसी टू, जनरेटर कार सहित कुल 18 कोच की सुविधा दी जाएगी।

## डीपीएस का वार्षिक उत्सव आज, शामिल होंगे शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। तिफरा स्थित स्कूल कैंपस में शाम 5 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि होंगे।

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के पूर्व वित्त एवं राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु एवं हरिभूमि आईएनएच समूह के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उन मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में उपलब्धियां हासिल की हैं।

### एक दिवसीय संत समागम समारोह 14 को

**बिलासपुर**। रविवार को धर्मनगर दामा खेड़ा से पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का प्रथम आगमन साइंस कॉलेज सरकंडा में होगा। एक दिवसीय सतगुरु कबीर संत समागम समारोह की शुरुआत सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ, 9 बजे से भजन सत्संग महंत राजू दास साहेब द्वारा दोपहर 12 बजे से पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का आगमन भव्य शोभा यात्रा, कलश यात्रा के साथ उदित मुनि नाम साहब का समस्त कबीर पंथियों को आशीरवचन, दर्शन एवं भेट बंदगी भोजन भंडारा दोपहर 12 बजे से होगा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बदले गए 9 थानों के टीआई रतनपुर टीआई लाइन अटैच


**बिलासपुर**। एसएसपी ने बड़ा फेरबदल करते हुए 9 टीआई व 1 एसआई का तबादला आदेश जारी किया है। पुलिस विभाग के महत्वपूर्व विंग एसीसीयू का प्रभार पूर्व में क्राइम ब्रांच का अनुभव रखने वाले एसआई हेमंत आदित्य को सौंपी गई है, इसी तरह किशोर केंवट को तोरवा थाना प्रभारी बनाया गया है। रतनपुर टीआई को लाइन अटैच कर दिया गया है।

10 दिसंबर को एससपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 9 टीआई व 1 एसआई का तबादला आदेश जारी किया गया है। लंबे समय से छुट्टी में चल रहे रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत को लाइन अटैच कर दिया गया है। पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई निलेश पाण्डेय को रतनपुर, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट का तोरवा व तोरवा टीआई अभैय बैस का सिरगिट्टी, बिल्हा टीआई उमेश साहू का चकरभाठा, चकरभाठा टीआई उत्तम साहू का शिकायत शाखा एसपी आफिस, एसीसीयू प्रभारी अजहररूद्दीन का मस्तूरी, पुलिस लाइन से अवनीश पासवा का बिल्हा, पुलिस लाइन से अनिल अग्रवाल का कानून व्यवस्था एडिशनल एसपी आफिस शहर तबादला किया गया है। वहीं सकरी थाने में पदस्थ एसआई हेमंत आदित्य को एसीसीयू का नया प्रभारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि श्री आदित्य पूर्व में लंबे समय तक क्राइम ब्रांच में काम कर चुके हैं।

- हेमंत एसीसीयू व किशोर नए तोरवा थाना प्रभारी

### जीआरपी ने पकड़ा अंतरराज्यीय चोर गिरोह

ट्रेन में यात्रियों के जेवरात और अन्य सामानों की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह को जीआरपी की टीम ने गिरफ्तार कर 3 लाख 28 हजार रुपए कीमती जेवरात जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक रेल श्वेता श्रीवास्तव के आदेश पर जीआरपी की टीम ने संदिग्ध हालत में घूमते हुए गोलू उर्फ सन्नी सोनवानी, सुमित विश्वकर्मा को पकड़कर पूछताछ किया। पूछताछ मे दोनों ने पिछले 15 साल से ट्रेनों में यात्रियों के जेवरात व अन्य सामानों की चोरी करना स्वीकार किया। तीन प्रकरणों में चोरी करने के मामले में जीआरपी ने आरोपियों से सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, मोबाइल सहित 3 लाख 28 हजार रुपए का सामान जब्त कर लिया है। वहीं 6 प्रकरणों में आरोपी सौरभ बुरांडे की भी गिरफ्तारी की गई है।



सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर


MRP. ₹ 1699 से ₹ 2599
प्रति पीस वाले
विश्व स्तरीय प्रीमियम क्वालिटी कॉटन ब्रांडेड
मेन्स शर्ट
₹333 में प्रति पीस
1 शर्ट की कीमत मात्र ₹333 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
*condition apply

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया शहादत दिवस



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण ने शहीद वीरनारायण सिंह की शहादत दिवस मनाकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 की क्रांति में भाग लेकर आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका अदा की। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि वीर नारायण सिंह का जन्म 1795 को सोनाखान जमीदार के घर हुआ। वे एक संघर्षशील, जन प्रिय, गरीबो के मसीहा थे। देश की आज़ादी में उन्होंने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। भूख से गरीब जनता की मौत से आहत, वीरनारायण सिंह ने सीधे अंग्रेजो से टक्कर ली। कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, माधव ओत्तालवार, त्रिभुवन कश्यप, विनोद शर्मा, विनोद साहू, सीमा घृतेश, सुदेश नन्दिनी, अन्नपूर्णा ध्रुव, उतरा सक्सेना, राजेश शर्मा, वीरेन्द्र सारथी, सुरेंद्र तिवारी, सुनील पांण्डेय, निखिल शर्मा, संतोष पिप्पलवा, कौशिक धर, वजीर खान, गणेश रजक, राजू साहू, भजन सिंह गांधी, लखन खाण्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

### कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने बैगा आदिवासी बहुल ग्रामों का किया दौरा



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर जिले के बैगा आदिवासी बहुल इलाकों का दौरा कर विकास कार्यों का जायज़ा लिया। उन्होंने कोटा ब्लॉक के आधा दर्जन ग्रामों का भ्रमण कर विशेष कर पीएम जनमन योजना के तहत हुए विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने जिले की अंतिम छोर पर बसे ग्राम कुरदर, उमरिया एवं इनके आश्रित कई ग्रामो में लोगो को शासन के योजना से मिल रहे लाभों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। जिले के प्रशासनिक मुखिया को अपने बीच पाकर बैगों के चेहरे में खुशी छा गई। लोगो ने खुलकर कलेक्टर के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने पानी, पीडीएस भवन, मोबाईल टावर, बिजली के खंभे, स्कूल के लिए अतिरिक्त कक्ष समेत कई जरूरतें बताई। उन्होंने इन मांगों को दूर करने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने जनता से संवाद करते हुए महतारी वंदन,आयुष्मान कार्ड, राशन, वन अधिकार पटा, आय, जाति प्रमाण आदि विषयों में छूटे परिवारों को इनके लाभ दिलाने के निर्देश दिए। नरेगा में मस्टर रोल भरने और 150 दिवस की मांग आधारित कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कुआं की मांग मिलने पर तुरंत स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।

### जीएम ने नव निर्मित बैडमिंटन कबड्डी कोर्ट का किया उद्घाटन



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। स्पोर्ट्स एसोसिएशन, नागपुर द्वारा मोतीबाग परिसर में नव निर्मित बैडमिंटन एवं कबड्डी कोर्ट का भव्य शुभारंभ महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने किया। स्पोर्ट्स एसोसिएशन प्रभारी एवं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में इन अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का विकास संभव हो पाया है। उनके प्रयासों ने न केवल प्रशिक्षण माहौल को बेहतर बनाया है, बल्कि खिलाड़ियों एवं कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने कहा कि नव विकसित ये खेल अवसंरचना न केवल रेलवे कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि मंडल में एक सशक्त एवं प्रतिस्पर्धी खेल वातावरण तैयार करने में भी अग्रणी भूमिका निभाएगी। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि नव-निर्मित बैडमिंटन एवं कबड्डी कोर्ट से रेलवे कर्मचारियों तथा उनके खेलप्रेमी बच्चों को लाभ मिलेगा। साथ ही आसपास के क्षेत्र के खेल प्रेमी भी इन उत्कृष्ट सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### एक काउंटर कैश और चार काउंटर आनलाइन पेमेंट के, परेशान हो रहे हैं यात्री

# जोन अफसरों का आदेश दरकिनार : नहीं ओपन हुए पीआरएस में कैश काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने बुकिंग और जनरल टिकिट काउंटर में टिकिट लेने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल पेमेंट का आर्डर जारी किया है, जिसमें बुकिंग कार्यालय में एक काउंटर कैश और चार काउंटर आनलाइन पेमेंट के लिए ओपन किए गए हैं, जहां यात्रियों को डिजिटल पेमेंट में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जोन के पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने यात्रियों की परेशानी को देखते हुए डिजिटल पेमेंट के साथ कैश पेमेंट की सुविधा देने की बात कही थी, लेकिन उनका आदेश अब तक अधर में लटका हुआ है।

यात्रियों की समस्या को देखते हुए रेलवे ने आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन के अलावा आनलाइन मोबाइल यूटीएस टिकिट की सुविधा शुरु की, ताकि यात्री काउंटर के बजाय स्वयं अपनी टिकिट की खरीदी कर सकें। इसके साथ ही रेलवे आरक्षण कार्यालय में भी यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही थी। कुछ माह पहले तक आरक्षण कार्यालय के सभी काउंटरों पर यात्रियों की बुकिंग आनलाइन के साथ कैश पेमेंट के साथ की जा रही थी। इसमें यात्रियों को भी सभी काउंटरों में सुविधा मिल रही थी। अचानक जोन मुख्यालय के कामर्शियल विभाग के अफसरों ने आदेश जारी करते हुए बिलासपुर सहित रायपुर और नागपुर डिवीजन के सभी आरक्षण कार्यालयों के एक काउंटर को छोड़कर अन्य काउंटरों पर डिजिटल पेमेंट का सख्त आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश का उद्देश्य यात्रियों को सुविधा देना है, लेकिन बिलासपुर में इसका उल्टा हो रहा है। डिजिटल पेमेंट के बजाय कैश पेमेंट करने के लिए यात्रियों को एक काउंटर में लंबी कतार लगानी पड़ रही है।



रेलवे स्टेशन मे बंद कैश काउंटर।

**चेक कराते हैं**

रेलवे आरक्षण कार्यालय में डिजिटल पेमेंट के साथ कैश काउंटर भी खोले गए हैं, जहां यात्री को सुविधा होगी। अगर अधिकारियों ने सभी काउंटर पर कैश और डिजिटल पेमेंट से बुकिंग करने की बात कही है तो उसे चेक कराते हैं।

-संतोष कुमार
सीनियर पीआरओ, एसईसीआर

#### उसलापुर में भी परेशानी

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में आरक्षण कार्यालय में की जा रही बुकिंग को पूरी तरह से आनलाइन करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन केवल एक काउंटर को ही कैश पेमेंट से बुकिंग के लिए ओपन कर रखा गया है। इसके अलावा पार्सल कार्यालय में भी 100 फीसदी आनलाइन बुकिंग का कार्य शुरु कर दिया गया है, जहां कैश पेमेंट करने वालों को वापस कर दिया जा रहा है।

#### क्या हो रही समस्या

आरक्षण कार्यालय में पांच काउंटर ओपन किए गए हैं, जिसमें से केवल चार काउंटर ही यात्रियों के लिए खुले हैं। एक काउंटर में हमेशा बंद के बोर्ड लगे रहते हैं। चार काउंटर में से तीन काउंटर पर आनलाइन डिजिटल पेमेंट और एक काउंटर पर कैश पेमेंट से यात्रियों को टिकिट देने का आदेश है। सुबह तत्काल टिकिट के लिए चार में से तीन काउंटर पूरी तरह से खाली रहते हैं और एक कैश काउंटर पर यात्रियों की लंबी कतार लगती है।

#### बंद करने की योजना

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार आनलाइन पेमेंट लेने का सख्त आदेश अधिकारियों ने जारी किया है। वर्तमान में डिवीजन और जोन के सभी पीआरएस में होने वाली बुकिंग की समीक्षा की जा रही है। इसके तहत स्थिति यह है कि प्रति काउंटर के हिसाब से दिन भर में 180 से अधिक फार्म निकलने हैं, लेकिन पूरे काउंटर मिलाकर 24 घंटे के दो शिफ्ट में 72 और 84 की बुकिंग हो पा रही है। इसे देखते हुए काउंटरों को कम करने की योजना बनाई जा रही है।

## कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष केशरवानी का नाम भिलाई की मतदाता सूची में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी का नाम भिलाई के वार्ड 54 की मतदाता सूची में शामिल कर दिया गया है, जबकि श्री केशरवानी बिलासपुर नर्मदा नगर में रहते हैं। एसआईआर के दौरान यह गड़बड़ी सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी को एसआईआर के खिलाफ मुद्दा मिल गया है।

■ **एसआईआर के दौरान सामने आई गड़बड़ी**

इस मामले को लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी दस्तावेजों के साथ राज्य निर्वाचन आयोग से शिकायत करेंगे। श्री केशरवानी बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नर्मदा नगर में निवास करते हैं। 2003 के वोटर लिस्ट में भी उनका नाम बिलासपुर विधानसभा में ही दर्ज है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की टिकट से बेलतरा विधानसभा से चुनाव लड़े हैं और नगर निगम में पार्षद भी रहे हैं। नर्मदा नगर के मतदाता सूची में उनका और परिवार के सदस्यों का नाम लगातार दर्ज होते आ रहा है। एसआईआर तहत नर्मदा नगर से ही बीएलओ को पूरी जानकारी दस्तावेज दिया गया है। विजय ने जिला निर्वाचन कार्यालय से वोटर लिस्ट में अपने और परिवार के सदस्यों के नाम व स्टेटस की जानकारी देखी तो अचरज में पड़ गए, उनका नाम नर्मदा नगर की मतदाता सूची में नहीं है। परिवार के अन्य सदस्यों का नाम है जब उन्होंने पतासाजी और आनलाइन स्टेटस देखा तो भिलाई नगर के वार्ड क्रमांक 54 की मतदाता सूची में बताया जा रहा है।

#### मैपिंग में हुई त्रुटि सुधार ली गई

निर्वाचन कार्यालय ने जनसंपर्क विभाग के माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि एसआईआर गणना फार्म की मैपिंग में बीएलओ द्वारा हुई त्रुटि सुधार ली गई है। मालूम हो कि बिलासपुर निवासी विजय केशरवानी के फार्म की बीएलओ ऐप में मैपिंग के दौरान हुई त्रुटि के कारण इनका बिलासपुर विधानसभा के स्थान पर भिलाईनगर विधानसभा में मैपिंग दिखा रहा था। जिला निर्वाचन कार्यालय के संज्ञान में आने पर तत्काल इसमें सुधार कर श्री केशरवानी का नाम बिलासपुर विधानसभा में सफलतापूर्वक मैप कर लिया गया है।

### गणना फार्म जमा करने का आखिरी दिन आज

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर तहत डोर-टू-डोर मतदाताओं के सत्यापन एवं गणना फार्म भरकर जमा करने का गुरुवार आखिरी दिन है। अभी तक जिले में कुल 16 लाख 75 हजार 77 मतदाताओं में से लगभग 12 लाख 88 हजार से अधिक गणना फार्म जमा हो गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में 4 नवंबर से एसआईआर का काम शुरू हुआ था और 4 दिसंबर एक माह तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन करना था। इसमें मतदाताओं के घरों में पहुंचकर गणना फार्म बांटना था और उसके बाद भरे हुए गणना फार्म को जमा करवाना था, लेकिन निर्वाचन आयोग ने एसआईआर तहत मतदाताओं के सत्यापन की तिथि 11 दिसंबर तक आगे बढ़ा दी थी। बीएलओ द्वारा गणना फार्म मतदाताओं के घरों में वितरण का काम पहले ही पूरा हो चुका था और पिछले कुछ दिनों से बीएलओ भरे हुए गणना फार्म को जमा कराने घर-घर पहुंच रहे थे। जिन मतदाताओं ने अभी तक गणना फार्म नहीं भरा है या फिर फार्म भरने के बाद बीएलओ के पास जमा नहीं किया है उनके लिए गुरुवार को आखिरी मौका है। वैसे अभी तक जिले के 6 विधानसभाओं को मिलाकर लगभग 12 लाख 88 हजार से अधिक गणना फार्म जमा हो चुके हैं और उन फार्म का डिजीटाईजेशन भी हो गया है, जबकि इस जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 75 हजार 770 है।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री की पहल से 15.29 करोड़ लागत से चार सड़कों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीयंत्री तोखन साहू के पहल से पीएम जनमन योजना के तहत बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में 15.29 करोड़ की लागत से 4 नई सड़कों को मंजूरी दी गई है। संसदीय क्षेत्र में जनमन योजना के तहत नई सड़क की सौगात देने के लिए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने ग्रामीण विकास एवं कृषि कल्याण मंत्री शिवराज के प्रति आभार व्यक्त किया है। केंद्र सरकार ने पीएम-जनमन योजना के तहत यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की है।



ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 2025-26 बैच-थ्री में बिलासपुर क्षेत्र में 19.37 किलोमीटर लंबी कुल 4 सड़क परियोजनाओं को 1529.75 लाख रुपए और 15.298 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई है। इन सड़कों के निर्माण से पांच ग्रामीण बसाहटों को प्रत्यक्ष सड़क संपर्कता प्राप्त होगी, जिससे क्षेत्र में आवागमन, व्यापार और सामाजिक सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुगम हो सकेगी। स्वीकृत सड़क कार्यों में जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के केवची मुख्य सड़क से उरावपारा तक 1.50 किलोमीटर की राशि 95.52 लाख रुपए, आमनाला जाने वाली मुख्य सड़क 1.70 किलोमीटर की लागत 109.56 लाख रुपए, पीएमजीएसवाय रोड से बनघाट बैगटोला 3.57 किलोमीटर की लागत 244.69 लाख रुपए, जिला मुंगेली में सलगी से औरपानी तक 12.60 किलोमीटर की लागत 1079.98 लाख रुपए शामिल है। श्री चौहान ने अपने पत्र में श्री साहू को संबोधित करते हुए कहा कि कि ये सड़कें ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करेंगी और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देंगी।

उन्होंने अनुरोध किया है कि राज्य सरकार समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ इनके निर्माण को सुनिश्चित करे ताकि जनता को इनका दीर्घकालिक लाभ मिल सके। इन अनुमोदनों को बिलासपुर क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप यह स्वीकृति मिली है।

## डॉग बाइटः सिम्स में रोजाना 70 तो जिला अस्पताल में 40 लोगों लग रहे इंजेक्शन

**बिलासपुर।** सर्दियों का मौसम है और गली के कुत्तें लोगों पर कहर बरपा रहे हैं। शहर में इन दिनों अचानक डॉग बाइट के मामले बढ़ गए हैं। वहीं इस दौरान नगर निगम की कार्रवाई बंद होने से कई मोहल्ले और कालोनी से लोगों का रात में निकलना मुश्किल हो चुका है। आवारा कुत्ते इन दिनों आक्रामक दिखाई दे रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि रोजाना कुत्तों के आंतक के शिकार लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। शहर में सिम्स और जिला अस्पताल में रोजाना 150 से अधिक मरीज रैबीज का इंजेक्शन लगवा रहे हैं। यह आंकड़ा महज दो अस्पतालों का है, निजी और सरकारी अस्पतालों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। ऐसे में डॉग बाइट के शिकार लोगों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। सिम्स में रोजाना 70 लोगों को रैबिज का इंजेक्शन लगाना पड़ रहा है, इसमें से 30 से 35 लोग नए मरीज रहते हैं, वहीं वहीं जिला अस्पताल में भी 30 से 40 लोग रोजाना इंजेक्शन लगाने पहुंच रहे हैं। जानकारों के मुताबिक सर्दियों का समय स्ट्रीट डॉग के लिए प्रजनन का समय होता है, ऐसे में कुत्ते आक्रामक व्यवहार करते हैं। हर गली और मोहल्ले में इनकी तादात बढ़ चुकी है। ऐसे में शाम होते ही लोगों का बाहर निकलना दूभर हो जाता है। डॉग बाइट के सबसे ज्यादा शिकार बच्चे और महिलाएं हो रही हैं।

**बच्चों को बचाना चाहिए**

सिम्स में रोजाना 70 से 80 लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसमें से आधे नए हैं। लोगों को स्ट्रीट डॉग से दूर रहना चाहिए। खासकर छोटे बच्चों को डॉग से बचाया जाना चाहिए।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक सिम्स

## भारत को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाना लक्ष्य : सुशांत




**बिलासपुर।** देश का युवा आत्मनिर्भर बनेगा, तभी भारत की विकसित राष्ट्र की संकल्पना को पूरा किया जा सकेगा सरकारी नौकरियों को रोजगार के नजरिए से देखने की आदत में बदलाव लाने की जरूरत है। यह मानसिकता ब्रिटिश कालीन गुलामी का द्योतक है और अंग्रेजों द्वारा देश को लम्बे समय तक गुलाम बनाये रखने की सोची साझी साजिश का हिस्सा है।

■ **आत्मनिर्भर भारत अभियान पर आयोजित हुई युवा मोर्चा की बैठक**

भारतीय समाज लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति के दुष्प्रभाव में है, जिसे समय रहते पहचान लेने की जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण के आत्मनिर्भर भारत अभियान पर आयोजित युवामोर्चा की बैठक में विधायक सुशांत शुक्ला कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री के आव्हान पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने विभिन्न स्तरों पर कार्यशाला और बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिसका मूल उद्देश्य देश मे रोजगार के अवसर उत्पन्न करना एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। बैठक में युवाओं को संबोधित करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बताया कि आज से लगभग ग्यारह सौ वर्षों का इतिहास देखें तो विश्व मे भारतीय अर्थव्यवस्था का योगदान चालीस प्रतिशत थी, जो कालांतर में चली लम्बी गुलामी के कारण घटते आज दो प्रतिशत रह गई है।

जिला ग्रामीण के प्रभारी प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा कि पार्टी की योजना को जमीन तक पहुंचना होगा। प्रधानमंत्री के निर्देशन में हमे भारत को बुलंदियों तक पहुंचना है। प्रस्तावना भाषण करते हुए जिला मंत्री निखिल केशरवानी ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं को बड़ी ही सिद्दत के साथ निभाने की जरूरत है। बैठक में जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## देश और समाज के लिए पूरी ताकत से जुटें जनजातीय युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव बुधवार को स्व.लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित जनजाति युवा संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह एवं भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल ने की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती पूजा विधानी, श्री वैभव सुरंगे, डॉ. चंद्रशेखर उइके सहित




जनजातीय समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के साथ अंग्रेजों ने जो व्यवहार किया, वह इस बात का प्रमाण है कि वे उनसे कितना भय खाते थे। जमींदार परिवार में जन्म लेकर भी उन्होंने आम जनता, समाज और गरीबों की चिंता की तथा अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया। भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी जनजातीय समाज के लिए प्रेरणादायी है। जनजातीय समाज के युवा यदि अपने समाज की महिमा को आगे बढ़ाएं, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश हमें पुकार रहा है। जनजातीय समाज के युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा और शहीद वीर नारायण सिंह से प्रेरणा लेकर समाज के वैभव और गौरव को बढ़ाने के लिए पूरी ताकत से जुटना चाहिए।

## 13 विद्यालय बने आधुनिक आदर्श शिक्षण संस्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में पीएमश्री प्रधानमंत्री स्कूल फ़ॉर राइजिंग इंडिया योजना के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। वर्तमान में जिले में 8 पीएमश्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं 05 पीएमश्री सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित कुल 13 विद्यालय सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।

इन विद्यालयों को आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने का कार्य तीव्र गति से जारी है। केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से इन विद्यालयों में अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों के लिए आधुनिक और सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। योजना अंतर्गत विद्यालयों में सोलर लाइट, शुद्ध पेयजल हेतु वाटर कूलर व फिल्टर, म्यूजिक बैंड, अभ्यास पुस्तिकाएं एवं कैरियर गाइडलाइन मार्गदर्शिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विद्यार्थियों की रुचि एवं रचनात्मकता के विकास हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष एवं अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत कुल 9 कक्ष स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 4 कक्ष पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। 8 पीएमश्री विद्यालयों में सोलर लाइट की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। छात्र संख्या के अनुसार अतिरिक्त कक्ष तथा बालक-बालिका शौचालयों का निर्माण भी कराया जा रहा है। पीएमश्री विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। साथ ही स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर लैब के माध्यम से तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षण व्यवस्था लागू की गई है, जिससे डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।

## मार्कफेड एमडी ने किया खरीदी और संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण



**बिलासपुर।** प्रबंध संचालक, मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला ने जिला बिलासपुर के धान खरीदी केंद्र छतोना एवं धान संग्रहण केंद्र बिल्हा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छतौना में किसान फेकू लाल ने बताया कि आज उनके द्वारा 113 क्विंटल धान बेचा गया। समिति में धान बेचने में कोई परेशानी नहीं हुई। किसान के उपज के संबंध चर्चा की। मिलर्स से धान उठाव तेजी से करवाने खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। संग्रहण केंद्र बिल्हा का निरीक्षण किया और तैयारी देखी। उन्होंने जिले की सभी चारों संग्रहण केन्द्रों को तैयार करने डीएमओ को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, डीएमओ अमित चंद्राकर भी उपस्थित थे।




# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com


Whats App - 6263190692, 8305922255

संवाद

## परीक्षा पे चर्चा नौवें संस्करण की शुरुआत 11 जनवरी तक अपलोड कर सकते हैं प्रश्न


**बिलासपुर।** देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने का एक और सुनहरा अवसर मिल रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो इस श्रृंखला का 9वां संस्करण होगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सभी प्रकार के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकों को पोर्टल पर जाकर अपने प्रश्न पूछने का अवसर सुलभ कराया गया है। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 1 दिसंबर को हो चुकी है और सभी हितग्राही अपने सवाल अपलोड करने के लिए 11 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रश्नों को अपलोड करने की सुविधा भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से बनाए गए पोर्टल पर दी गई है। पोर्टल में प्रवेश करने पर प्रतिभागियों को अभी भाग लें-परीक्षा पे चर्चा 2026 का विकल्प मिलेगा, जहां वे पुरस्कारों के बारे में और जरूरी तारीखें जैसी अन्य जानकारी भी देख सकते हैं। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रतिभागी अपने सवाल अधिकतम 500 शब्दों के भीतर बनाकर रखें। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। कक्षा 6-12वीं तक के विद्यार्थी स्वयं अपने संसाधन (इंटरनेट, ईमेल आईडी, मोबाइल) से भाग ले सकते हैं।




शिविर

## ओशो के जन्मोत्सव एवं समर्थगुरु धारा के नए ध्यान केंद्र का उद्घाटन आज

**बिलासपुर।** समर्थगुरु धारा ध्यान केंद्र का शुभारंभ आज ओशो जन्मोत्सव के पावन अवसर पर किया जा रहा है,इस विशेष दिन पर सभी साधकों एवं सम्मानित नागरिकों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है, जहां "तनाव मुक्त, सफल एवं आनंदित जीवन" जीने की कला सिखाई जाएगी। ओशो ने अध्यात्म को वैज्ञानिकता और सरलता के साथ प्रस्तुत कर आम जनमानस के लिए इसे सहज मार्ग बनाया। उनके विचार आज भी जीवन को गहराई से समझने, संतुलन बनाने और आत्म-जागरण की दिशा में प्रेरित करते हैं। नया ध्यान केंद्र पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने, कुदूदंड में स्थित है। यहां प्रत्येक रविवार प्रातः 9 बजे ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी आयु वर्ग के इच्छुक साधकों का स्वागत है। समर्थगुरु धारा का नया ध्यान केंद्र शहर में आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक शांति और आत्म-विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।



आयोजन

## लायंस क्लब वसुंधरा ने वृद्धाश्रम में बांटे गर्म कंबल व छड़ी



**बिलासपुर।** सेवा गतिविधियों के अंतर्गत लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने वृद्ध आश्रम माता की कुटिया में कंबल एवं छड़ी का वितरण किया। इस कार्य में अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, मंजू तिवारी, गायत्री कश्यप, मंजुला शिंदे ने सहयोग दिया। आश्रम की संचालिका नीतू दुबे का क्लब अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने सम्मान किया। अंत में मिठाई का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि लायंस क्लब वसुंधरा द्वारा समय-समय पर वृद्ध आश्रम में उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए निरंतर सेवाएं प्रदान की जाती है। इस मौके पर सीता तिवारी की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

## रामा वैली में बच्चों को दी जा रही गुरुकुल शिक्षा

**बिलासपुर।** साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर द्वारा रामा वैली में हर रविवार को बच्चों के लिए गुरुकुल की कक्षाएं लगाई जा रही है। गुरुकुल कक्षा का शुभारंभ कीर्तन से किया गया। इसके बाद प्रार्थना की गई। हनुमान चालीसा का अर्थ सहित पाठ किया गया। कक्षा का संचालन डॉ. एकता कलवानी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने "सही काम हमें क्यों करना चाहिए?" इस विषय पर एक अत्यंत सुंदर कथा सुनाई। उनके इस संदेश ने यह प्रेरणा दिया कि जीवन में हमेशा सही का चुनाव कर सही कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। सही महसूस कर सदैव याद रखें कि भगवान हमें देख रहे हैं। सिम्मी भकतानी ने एक मेमोरी गेम खिलाया और गीत-"मेरी झोपड़ी में राम आएंगे...की धुन में एक नृत्य स्टेप भी सिखाया। कक्षा का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में दादा साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।



### कम समय में बोर्ड पेपर की अधिक तैयारी, फरवरी से परीक्षाएं होंगी शुरू

# छात्र-छात्राएं मॉडल पेपर किताबों का ले रहे सहारा

बोर्ड परीक्षा में अब केवल दो महीने का समय बच गया है। हर कोई इन दिनों कम समय में बेहतर पढ़ाई करने में जुट गया है। बच्चे इन दो माह में अधिक तैयारी के लिए बाजारों में बिक रहे, मॉडल पेपर, अजय माला का सहारा ले रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाजार में इन दिनों बोर्ड एग्जाम की तैयारी को लेकर कई तरह की किताबें आई हुई हैं, खासतौर पर वे बच्चे जो सालभर पढाई में खासा रूचि नहीं रखे मगर बोर्ड के डर और फेल ना हो इसकी चिंता में वे अब ज्यादातर बच्चे प्रबोध, नवबोध, अजय माला व निकिता के सॉल्वड और अनसॉल्वड सीरीज लेने आ रहे हैं।

बुक डिपो के प्रखर मिश्रा बताते हैं कि कोरोनाकाल से ही किताब की जगह मोबाइल ने ले ली है। भले ही किताबों की बिक्री साल दर साल कम हो रही है, लेकिन सीरीज की बिक्री का इस पर कुछ असर पड़ता नहीं दिख रहा है। सीरीज में बच्चे अधिकांशतः प्रबोध और नवबोध ही ले जा रहे हैं।अब ये किताबें कमजोर बच्चों को लुभाने लगी हैं। एग्जाम में पास होने के लिए बड़ी संख्या में बोर्ड के विद्यार्थी अब किताबों का खरीदने लगे हैं, जिसमें संभावित मॉडल पेपर और परीक्षा में आने वाले महत्वपूर्ण सवाल भी शामिल हैं। वे सालभर पढ़ने की जहमत उठाने और फजीहत से दो-चार होने को तैयार नहीं हैं। गोलबाजार स्थित बुक डिपो के अशोक साहू बताते हैं कि बच्चों की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। बच्चे बड़ी तादात में सीरीज खरीदने आ रहे हैं।



### महीनेभर पहले होती है धुआंधार बिक्री

बुक डिपो के राकेश यादव ने बताया कि सीरीज को बिक्री बोर्ड परीक्षा शुरू होने के एक महीने पहले धुआंधार होती है। पिछले साल के मुकाबले इस बार सीरीज की बिक्री कम है, अब तक सीरीज की पहली यूनिट बिक जाया करती थी। इस बार तो पहली यूनिट भी खत्म नहीं हो पाई है। जिन बच्चों की किसी कारणवश सालगर पढ़ाई नहीं हो पाती, वे इन्हें पढ़कर परीक्षा में सम्मानजनक अंक प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। बहुत से बच्च्चे अपनी तैयारी को धार देने के लिए अनसॉल्वड सीरीज ले जाते हैं।

### पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए लाभदायक

व्याख्याता बिहारीलाल शर्मा ने बताया कि बहुत से ऐसे बच्चे होते हैं जो पढ़ाई में काफी कमजोर होते हैं। उनके लिए सीरीज उपयोगी साबित होती है। इन सीरीज में विवात सालों के पेपर होते हैं। बहुत से प्रश्नों की हर साल पुनरावृति होती है। कई बच्चे खराब स्वास्थ्य के कारण सालमर नहीं पढ़ पाते. वहीं कुछ बच्चों को घर की परिस्थिति देखते, काम करते हुए पढ़ना होता है। ऐसे बच्चों का परीक्षा को लेकर एकमात्र उद्देश्य होता है कि किसी भी तरह पास हुआ जाए। इस तरह के सभी बच्चों के लिए सीरीज लाभदायक है। पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को अब सीरीज का सहारा है।

# तैयारियां त्यौहार की : 15 को एकादशी, 25 को क्रिसमस

### मसीहीजन बांटेंगे क्रिसमस की खुशियां

माह दिसंबर में कई पर्व, त्यौहार पड़ रहे है। सभी पर्वो, त्यौहारों का अपना एक अलग महत्व है। जिसे उत्साह से मनाने की तैयारियां चल रही है। धार्मिक आयोजन को विधि-विधान से संपन्न किए जाएंगे।





25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। इस दिन मसीही समाज के लोग गिरजाघरों में प्रभु यीशु की आराधना कर पर्व की खुशियां बांटेंगे। यह पर्व मसीहियों के लिए खास रहता है। धन्यवादी पर्व से यह पर्व आरंभ होता है। इस बीच गिरजाघरों में बच्चों, महिलाओं के लिए कई आयोजन होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साल में पड़ने वाले 12 माह के सभी माह में कई दिन विशेष होते हैं। लोग उत्सव के माध्यम से इन विशेष दिनों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को दिन का महत्व होने का संदेश देते हैं। यह सब आने वाली पीढ़ी के लिए भी बेहतर साबित होता है। गुरुवार 11 दिसंबर को ओशो जन्मोत्सव पड़ रहा है। इस दिन ओशो भक्त उन्हें याद करेंगे। रविवार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाएगा। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा की बचत, कुशल उपयोग और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि स्थायी भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण किया जा सके। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा इस दिवस का आयोजन ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। 'ग्लोबल वार्मिंग' के प्रभाव को कम करने ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया जाता है।

### एकादशी पर मंदिरों में होगी पूजा

सोमवार 15 दिसंबर को एकादशी व्रत रखा जाएगा। इस दिन मंदिरों में विशेष पूजा की जाएगी। पौष कृष्ण पक्ष एकादशी को रखा जाने वाला सफला एकादशी व्रत आयु वृद्धि और स्वास्थ्य संरक्षण के लिए अत्यंत फलदायी मानी जाती है। इस व्रत को करने से व्यक्ति के कार्य सफल होते हैं और श्रीहरि की कृपा से प्राप्त होती है। सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। वैदिक पंचाग के अनुसार सफला एकादशी व्रत को करने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।



### याद किए जाएंगे गुरुगोबिंद सिंह के वीर बेटों को

वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस दिन शहर के गुरुद्वारों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। वहीं सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोबिंद सिंह के दो छोटे बेटों साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को श्रद्धांजलि देने भारत सरकार द्वारा घोषित यह एक राष्ट्रीय दिवस है। जिन्होंने धर्म और न्याय के लिए छोटी उम्र में सर्वोच्च बलिदान दिया था। इन्हीं के सम्मान और याद में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।

### ये दिन भी खास

- 18 दिसंबर को गुरुघासीदास जयंती
- 19 दिसंबर को पौष अमावस्या
- 20 दिसंबर को संत गाडगे जयंती
- 23 दिसंबर को विनायकी चतुर्थी, किसान दिवस
- 24 दिसंबर को उपभोक्ता दिवस
- 30 दिसंबर को पुत्रदा एकादशी

मांगलिग कार्यो पर लग जाएगा विराम



### खरमास 16 से, होंगे धार्मिक आयोजन

सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाला खरमास इस वर्ष 16 दिसंबर से आरंभ हो रहा है। इस दौरान शहर में भागवत कथा सहित कई धार्मिक आयोजन होंगे। दान-पुण्य का भी क्रम चलेगा। पौष कृष्ण द्वादशी से शुरू होने वाला यह मास सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही प्रभावी हो जाएगा। खरमास को भगवान नारायण की आराधना, दान-पुण्य और सेवा का विशेष मास माना गया है। इस दौरान विष्णु सहस्रनाम, पुरुष सूक्त, भागवत पाठ, आदित्य हृदय स्तोत्र, सत्यनारायण कथा का वाचन कराया जाएगा। अन्न-दान, वस्त्र-दान का भी क्रम चलेगा। धार्मिक मान्यता है कि खरमास में श्रद्धापूर्वक उपासना करने से नारायण और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मंगलवार 16 दिसंबर को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे और इसी क्षण से पूरे एक माह तक विवाह, गृह प्रवेश, वाहन खरीद, संपत्ति क्रय-विक्रय सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। यह अवधि अगले वर्ष 14 जनवरी 2026 की रात 9 बजकर 19 मिनट तक रहेगी। सूर्य जब धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। उसी के साथ खरमास समाप्त होगी। इसी दिन मकर संक्रांति का पुण्य काल भी पूरे दिन रहेगा और सूर्य के उत्तरायण होते ही शुभ कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य के धनु और मीन राशि में प्रवेश करने से गुरु का प्रभाव क्षीण होता है।



# सीएमडी कॉलेज ने जीता इंटर कॉलेज क्रिकेट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सीएमडी कॉलेज ने डीएलएस कॉलेज को 34 रनों से पराजित कर चैंपियन का खिताब लगातार तीसरी बार अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में डी.एल.एस. महाविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सी.एम. दुबे महाविद्यालय की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। सन्नी पाण्डेय ने 67, शेख साहिल ने 35 और अनुभव सोनी ने 20 रनों की उपयोगी पारी खेली। जवाब में डी.एल.एस. महाविद्यालय की टीम 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 117 रन बनाकर 17 ओवर में ऑल आउट हो गई। सी.एम. दुबे की ओर से सन्नी पाण्डेय ने 4, आदित्य श्रीवास्तव ने 3,अनुराग मिश्रा ने 2 और फैजान ने 1 विकेट लिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ सीएमडी कॉलेज 34 रनों से विजेता बना।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो एडीएन वाजपेयी, विशिष्ट अतिथि सीएम दुबे महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, डीएलएस महाविद्यालय की चेयरमैन निशा शर्मा, आधारशिला स्कूल के निदेशक अजय श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सी.एम. दुबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, डी.एल.एस. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डे, खेल अधिकारी डॉ. अजय सिंह, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. बसंत अंचल, डॉ देवर्षि चौबे, डॉ आलोक शर्मा, डॉ मनीष सक्सेना, डॉ शेख शाहिद, डॉ नवेंदु शुक्ला, डॉ अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।



स्पोटर्स न्यूज

## लाइट वेट बॉल में देश का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट 28 से

स्व.उषा देवी भंडारी की स्मृति में करवाए जाने वाले विनीत कप का आयोजन का आगाज 28 दिसंबर से होगा। इस आयोजन का इंतजार बिलासपुर के अलावा प्रदेश भर के क्रिकेट प्रेमियों को रहता है। भव्य आतिशबाजी और भव्य व्यवस्थाओं के साथ आईपीएल की तर्ज पर होने वाला यह आयोजन लाईट वेट बॉल में मध्य भारत की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता थीं। जो इस वर्ष 11 लाख रुपए की इनामी राशि के साथ लाइट वेट बॉल में देश की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता बन गई है।

यह आयोजन 28 दिसंबर से शुरू होकर 11 जनवरी को फाइनल मैच के साथ समापन होगा। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अलग राज्यों से टीमें भाग लेने आती है, इसके अलावा दुबई और ओमान जैसे देशों की इंटरनेशनल टीमें भी इस आयोजन में खेल चुकी हैं। विनीत कप आयोजन समिति के प्रमुख ईशान भंडारी निक्कू ने प्रेस वार्ता करते हुए आयोजन के संबंध में बताया कि अपनी स्वर्गीय माता उषा देवी भंडारी की स्मृति में यह आयोजन करवाया जाता है। इससे पूर्व माता की स्मृति में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा चुका है। विनीत कप क्रिकेट मैच के आयोजन का यह शानदार 13 वां वर्ष हैं।



- स्वर्गीय ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित होगा टूर्नामेंट

इस बार इसमें 11 लाख 11 हजार 111 रुपए और चमचमाती ट्राफी पहला इनाम रखा गया है। जबकि मैन ऑफ द सीरीज में बुलेट रखा गया है। ईशान भंडारी ने बताया कि हमारे आयोजन की प्राथमिकता निष्पक्ष खेल है। जिसके लिए लाइव प्रसारण और थर्ड अंपायर की भी व्यवस्था रखी जाती है। महाराष्ट्र की टीम के द्वारा अपने वैनिटी वेन के साथ उपस्थित रहकर लाइव प्रसारण किया जाएगा। आयोजन में दर्शकों के मनोरंजन और खिलाड़ियों तथा अतिथियों के स्वागत के लिए भव्य आतिशबाजी की व्यवस्था प्रतिवर्ष की तरह होगी।

ईशान भंडारी ने बताया कि देशभर से कुल 32 टीमों को टूर्नामेंट में प्रवेश दिया जाएगा। एंट्री फीस जिसके लिए 40 हजार रूपये रखी गई है। कुल 31 मैच आयोजन के दौरान होंगे, प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच भी दिया जाएगा। दस ओवरों का लीग मैच होगा जबकि सेमीफाइनल 12 और फाइनल 14 ओवरों का होगा। आयोजन के दौरान आयोजन समिति द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों और पत्रकारों के लिए सद्भावना मैच कभी आयोजन किया जाएगा। जबकि दूसरा इनाम चार लाख चवालीस हजार चार सौ चवालीस रुपए रहेगा।

## शतरंज में शंकराचार्य कॉलेज विजेता

लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बोदरी में आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का खिताब दोनों वर्गों में शंकराचार्य इंस्टिट्यूट रायपुर ने जीता। जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आबंटित एकीकृत राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बिलासपुर की मेजबानी में महाविद्यालय के इंडोर सेमिनार हॉल मे आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई से सम्बंधित इंजीनिरिंग व फार्मेसी महाविद्यालय के पुरुष वर्ग में 14 टीमों व महिला वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिए है। जिसका ख़िताब पुरुष व महिला वर्ग में श्री शांकराचार्य इंस्टिट्यूट प्रोफेशनल मैनेजमेंट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रायपुर ने जीता व उपविजेता का खिताब महिला व पुरुष वर्ग में शासकीय इंजीनिरिंग महाविद्यालय बिलासपुर ने जीता। सभी टीम के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई फिजिकल डायरेक्टर किशोर कुमार भारद्वाज के हाथो प्रदान किया गया।



## खबर संक्षेप

### एमसीए में प्रथम स्थान प्राप्त अपर्णा का सम्मान

मस्तूरी। ग्राम किरारी निवासी अपर्णा



साहू पिता गेंदराम साहू ने अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के एमसीए में प्रथम स्थान प्राप्त कर यूनिवर्सिटी स्तर पर टॉप किया। इसके लिए अपर्णा को विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा 2 गोल्ड मेडल एवं प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता की डिग्री से सम्मानित किया गया।

### नर्तक दल 15 तक कर सकेंगे आवेदन

**मुंगेली।** जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा वर्ष 2025–26 में आयोजित होने वाले अनुसूचित जाति (गुरू घासीदास) लोक कला महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु नर्तक दलों से 15 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि, कार्यक्रम में चयनित नर्तक दल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त में सम्पर्क कर सकते हैं।

### पत्नि के साथ गाली-गलौज, मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** शराब पीकर पत्नि के साथ गाली-गलौज करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहाकापा निवासी सुनीता मरावी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 8 दिसम्बर को 9 बजे उसका पति रामप्रसाद मरावी शराब पीकर आया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## विंध्यासार में बलिदान दिवस पर याद किए गए शहीद वीर नारायण सिंह

# शहीद वीर नारायण सिंह ने देश के लिए किया सर्वस्व न्यौछावर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

जो अपने संस्कार और संस्कृति की रक्षा न करे, वो देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता। शहीद वीर नारायण सिंह ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वे प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रहे। अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ जिस साहस से उन्होंने लड़ाई लड़ी, वन आज भी हम सबको अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है।

■ विधायक ने पंद्रह लाख के निर्माण कार्य की घोषणा की

उन्होंने अकाल में भूख से बिलख रहे जरूरतमंदों को अनाज उपलब्ध कराया, जो कि अंग्रेजों को नागवार गुजरा, और आतताई अंग्रेजों ने उन्हें जयस्तंभ चौक पर फांसी दे दी। उनके बलिदान दिवस पर उनके त्याग और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह बातें ग्राम विंध्यासार में बिंझवार समाज की ओर से आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह के स्मृति दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक धर्मजीत सिंह।

धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी को हमारे बलदानियों के जनहित कार्य से रूबरू होने का अवसर मिलता है। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर गुणी परिसर में 10 लाख की लागत से पुनर्निमाण एवं शहीद वीर नारायण मंच के लिए 5 लाख की राशि की घोषणा की। साथ ही आयोजन समिति को 15 हजार रूपए नकद प्रदान किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, वीर नारायण सिंह किसानों और वंचितों की आवाज थे। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिपं सभापति अंबिका विनोद साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जनपद सभापति द्वय सीमा अश्वनी श्रीवास, जनपद सदस्य जया जलेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, सरपंच सावित्री बलराम बिंझवार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजेश बिंझवार, विष्णु प्रसाद बिरको, मनहरण पालके, ध्रुव कुमार बिंझवार, विनोद बिंझवार, कुंवर सिंह बिंझवार, राहुल श्रीवास, प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी, शानू दुबे, ईश्वर कैलाश, रामसिंह बिंझवार, अमृत बिंझवार, देवकुमार बिंझवार, रामचंद्र बिंझवार, बंशीलाल बिंझवार, आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदलाल बिंझवार, उपाध्यक्ष बेचुलाल बिंझवार, सचिव तिलकेश बिंझवार, राजेश अमराई, मिलन बिंझवार, अश्वनी बिंझवार, प्रेमचंद बिंझवार, मुकेश बिंझवार, मानसिंह बिंझवार, प्राचार्य रजनीश बिंझवार, गुलाब सिंह, बाबूलाल कर्मचारी, नरेश बिंझवार, सुभाष बिंझवार, बहादुर बिंझवार, अर्जुन बिंझवार, दिनेश बिंझवार, चेतन वस्त्रकार, आदी वस्त्रकार, अमित साहू, शत्रुघ्न वस्त्रकार, गया निर्मलकर, मदन वस्त्रकार, सावतदास मानिकपुरी, मनोज श्रीवास सहित बड़ी संख्या में बिंझवार समाज के लोग उपस्थित थे। विंध्यासार में आदिवासी समाज की महिलाओं की ओर से नयनाभिराम पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई, जिसको देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।



## आंगनबाड़ी पंचायत भवन का लोकार्पण

**तखतपुर।** चोरमा में 14 लाख रूपए की लागत से बने पंचायत भवन एवं खुड़ियाडीह में 8 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण विधायक धर्मजीत सिंह ने किया।

■ ग्रामीण विकास का मुख्य आधार पंचायत : धर्मजीत

इस मौके पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, ग्रामीण विकास का मुख्य आधार पंचायत है, जहां पर एकत्रित होकर प्रतिनिधि और ग्रामीण गांव के विकास की योजना बनाते हैं। प्रमुख लोगों के बैठने के लिए ऐसे स्थान की जरूरत होती है, और इसमें पंचायत भवन प्रमुख होता है। अब इस गांव में पंचायत भवन बन जाने से लोग बैठकर गांव के लिए योजना बनाऐंगे, और विकास कार्यो को गति देंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि, छोटे-छोटे बच्चें आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचते हैं, जहां वे मनोरंजक वातावरण में समय व्यतीत करते हैं। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। अतिथियों ने फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, अश्वनी शर्मा, नैन लाल साहू, श्याम सुंदर कश्यप, कृष्ण कुमार साहू, ऋषभ कश्यप, संजू कश्यप, लव पाण्डेय, प्रमोद कौशिक, लता कश्यप, रामानंदी कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।


## लिथियम की मौजूदगी जानने खदान की ड्रिलिंग शुरू

**कोरबा।** जिले में प्रस्तावित लिथियम खदान के लिए ड्रिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 256 हेक्टेयर में ड्रिलिंग की जा रही है। इसके लिए जगह-जगह 54 बोर किए जाएंगे। 100 मीटर की गहराई तक मिट्टी के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसकी जांच के बाद स्पष्ट होगा कि यहां प्रति क्यूबिक मीटर में

**खास बात**

■ 100 मीटर गहराई तक एकत्र किए जाएंगे सैंपल

लिथियम की कितनी मौजूदगी है।



जिले के नगर पालिका परिषद कटघोरा से लगी 256 हेक्टेयर जमीन पर लिथियम की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। ऊंची बोली लगाकर खदान को हासिल करने वाली निजी कंपनी माइकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने चिन्हित जमीन पर लिथियम की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में मिट्टी और चट्टानों के सतही अध्ययन के बाद यहां पर ट्रेंचिंग शुरू हुई है। साथ ही अलग-अलग जगहों पर बड़ी-बड़ी मशीनें जमीन के भीतर होल कर रहीं हैं। यहां कितना लिथियम है इसका पता पूरी तरह से तीन से चार माह में लगेगा। पहले चरण में निजी कंपनी की ओर से गैर वानिकी भूमि पर दो जगहों पर ड्रील किए गए हैं। आने वाले दिनों में वानिकी भूमि पर ड्रील करके सैंपल लिया जाएगा। मैकी साउथ कंपनी ने लिथियम ब्लॉक में व्यापक सर्वे के लिए एक अन्य कंपनी से अनुबंध किया है। यह कंपनी लिथियम की मौजूदगी के संबंध में चिन्हित किए गए भू-भाग पर ड्रील कर रही है। इसके जरिए जमीन के भीतर से कच्चे पदार्थ को बाहर निकाला जाएगा और इसकी जांच प्रयोगशाला में की जाएगी। लिथियम को भविष्य की धातु कहा जाता है। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल बैटरी बनाने में किया जाता है। मोबाइल, कंप्यूटर या इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी भी लिथियम की बनी होती है। लिथियम को दुर्लभ तत्व माना गया है। अभी तक देश में लिथियम का उत्पादन करने वाला कोई राज्य नहीं है। पहली बार इस दुर्लभ तत्व की मौजूदगी की पुष्टि जिले के कटघोरा में स्थित मानगुरू की पहाड़ियों में हुई है।

## सैनिकों के अदम्य साहस, वीरता व देशभक्ति को सलाम

**लोरमी।** नगर स्थित नेहा पब्लिक स्कूल लोरमी में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर 'एक शाम सैनिकों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष सुजीत कुमार वर्मा शामिल हुए।

■ नेहा पब्लिक स्कूल में मना 'एक शाम सैनिकों के नाम'



उन्होंने कहा कि सैनिकों के अदम्य साहस वीरता देशभक्ति को सलाम करते हैं, जो अपना सुख-शांति भारत माता की सेवा में न्योछावर कर देश की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें डॉक्टर अशोक जायसवाल ने कहा, देश भक्ति की जज्बा हर भारतीय में होना चाहिए, जैसे वीर सैनिकों में होता है। फौजी संतोष साहू व फौजी सोन सिंह राजपूत ने सैनिकों की वीर गाथा को लोगों को सुनाया और वीरता का परिचय दिया। कार्यक्रम को फौजी कमल प्रसाद मंगेशकर, संदीप साहू, त्रिभुवन यादव अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन मुंगेली, भूपेंद्र सिंह राजपूत, अयोध्या राजपुत, अशोक राजपूत, ललित साहू, नरेंद्र सिंह राठौर, कमलनारायण साहू, सहित पार्षद राजेंद्र सलूजा, शिवशंकर यादव, सोहन डडसेना, घनश्याम यादव, घनश्याम बर्मन, सुखनंदन घुमसरे, सोमनाथ बंजारे, अंजनी बंजारे, नर्बद कुमार कश्यप, नेम चंद निषाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य प्रियंका टोन्डे और आभार संस्था संचालक सुनील लहरे ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं नाटकों की प्रस्तुति दी।



### सैनिक व पत्रकारों का सम्मान

- इस मौके पर संस्था की ओर से सभी उपस्थित सैनिकों को तिलक, पगड़ी व फूलमाला पहनाकर मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सचिव नूतन गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार राहुल यादव, प्रमोद जायसवाल सहित सभी पत्रकारों का तिलक लगा पगड़ी फूल माला पहनाकर व सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संस्था में कार्यरत शिक्षक देवेंद्र कुमार और शास प्राथ शाला सेनगुडा के प्रधान पाठक अशोक कुमार टोंडे को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया।

### बच्चों को किया गया पुरस्कृत

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अंजलि कहार, साक्षी यादव एवं जमुना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राखी प्रतियोगिता में प्रथम चंद्रमणि जांगड़े, द्वितीय जानवी बर्मन व मयंक घृतलहरे ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्पोकन इंग्लिश में प्रथम स्थान इशांत घृतलहरे व द्वितीय स्थान तेजा बघेल ने हासिल किया। सभी बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया।

## निधन

### संतोष शर्मा

बिलासपुर। खरियार रोड निवासी



प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी एवं समाज सेवी संतोष शर्मा का 10 दिसंबर की सुबह रायपुर के अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान खरियार रोड़ से निकाली जाएगी। वे अंकित, सृष्टि, नमन शर्मा के पिता एवं इवनिंग टाइम्स बिलासपुर के संपादक नथमल शर्मा के साले थे।

### लक्ष्मीचंद कौशिक

सकरी। ग्राम बेलमुंडी निवासी



लक्ष्मीचंद कौशिक का मंगलवार 9 दिसम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 10 दिसंबर बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रूपचंद, कोमल, टीकाराम कौशिक के बड़े भाई एवं तुलेश्वर कौशिक और कलावती कौशिक के पिता थे।

### प्रीति कांता बेनेट

तखतपुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं



पूर्व महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति कांता बेनेट का 79 वर्ष की आयु में 10 दिसम्बर को निधन हो गया। वे पूर्व पार्षद दाऊवा बेनेट की बहन थीं। इनका अंतिम संस्कार 11 दिसंबर गुरुवार सुबह 11 बजे मसीही समाज कब्रिस्तान प्रभु की वाटिका में किया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षाओं में कुछ हफ्ते बाकी, स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं

**मुंगेली।** हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित हो गई हैं, लेकिन स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पाया। बच्चों के पास अब बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब लगभग 2 माह का समय बचा हुआ है, जहां बच्चों को कोर्स पूरा करने के साथ ही रिविजन और मॉडल परीक्षाओं की तैयारी भी करनी है।



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुंगेली।

इसका प्रमुख कारण यह भी है कि, शिक्षक पढ़ाई के अलावा अन्य कार्यों में भी है व्यस्त। इस वर्ष तय समय से एक हफ्ते पहले दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू रही हैं। बताया जाता है कि, इस साल बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी और दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हो रही हैं। 70 दिनों यानि महज करीब 2 महीने का समय बाकी रहने के कारण अब बच्चों पर कोर्स पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग अब तक कोई कार्य योजना नहीं बना पाया है। इन हालातों में इस साल फिर प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल होने की जिले की उम्मीद पूरी होती नहीं दिख रही है। स्कूलों में अब भी करीब 40 फीसदी कोर्स अधूरा पड़ा हुआ है। दो महीनों में कोर्स पूरा करने के साथ ही बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार करवाने को लेकर शिक्षक जुटे हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में कोर्स पूरा किया जा पाना भी संभव होता नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि, हर साल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के नतीजों में सुधार लाने के साथ ही राज्य की मेरिट सूची में बच्चों को शामिल करवाने की योजना तैयार करता है, लेकिन इस साल ऐसा कुछ भी होता नहीं दिख रहा है।

बताया जाता है कि, नई शिक्षा नीति के तहत इस साल दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव करते हुए नया ब्लूप्रिंट लागू किया गया है। नए ब्लूप्रिंट के मुताबिक हर विषय में 5 बहुविकल्पीय प्रश्न, 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। साथ ही 11वीं-12वीं में प्रोजेक्ट वर्क को अनिवार्य किया गया है। परीक्षा का पैटर्न 80 व 20 अंकों पर आधारित होगा। इसमें प्रोजेक्ट व प्रैक्टिकल के लिए 20 और सैद्धांतिक परीक्षा के लिए 80 अंक के सवाल पूछे जाएंगे। 1 जनवरी से प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए 70 दिनों का समय बचा हुआ है। शिक्षा विभाग बच्चों की पढ़ाई को लेकर मिशन 90 प्लस के तहत कार्ययोजना पर कार्य कर रही है। कुछ स्कूलों के शिक्षकों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उनकी ड्यूटी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के बजाय अनेय कार्यों में लगा दी गई है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई खासी प्रभावित हो रही है। न तो बच्चों के कोर्स पूरे हो पा रहे हैं, न ही उनकी तैयारियां पूरी होती दिख रही है। इन हालातों में मेरिट लिस्ट में नाम शामिल होने की उम्मीद ही बेमानी है।

## कुसमुंडा खदान मुद्दे पर सीकेएस की अहम बैठक

**कोरबा।** कुसमुंडा स्थित महतारी अंगना परिसर में मंगलवार को छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष दिलीप मिरी, जिला संयोजक अतुलदास महंत, जिला अध्यक्ष अलेक्जेंडर टोप्पो, जिला सचिव विनोद सारथी, खेम साहू, कन्हैया सुंदर, नरेश महंत, हेमंत, देवनाथ, अशोक सहित बड़ी संख्या में सेनानी और मजदूर मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार, हाल की घटनाओं और मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। चर्चा में संगठन को मजबूत करने और सदस्यों को एकजुट रखने पर सहमति बनी। 6 दिसंबर को कुसमुंडा खदान में हुई घटना पर सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की। काम बंद आंदोलन के दौरान जेल गए सदस्यों से जुड़े मामलों की गंभीर समीक्षा की गई। एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक द्वारा पूर्व समझौते के पालन न करने पर नाराजगी जताई गई और आगे की रणनीति पर विचार हुआ। आने वाले समय में प्रदेश स्तरीय बड़े आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। एसईसीएल और टीएसआर द्वारा कथित फर्जी केस दर्ज करने के मुद्दे को उठाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि संगठन मजदूर हितों को लेकर अपनी लड़ाई और तेज करेगा।

## बीईओ की पहल से मस्तूरी को मिले स्पेशल एजुकेटर

### दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को मिलेगी नई ताकत

**सीपत/मस्तूरी।** 'शिक्षा सबकी पहुंच में हो, और शिक्षा से कोई भी वंचित न रहे' की सोच को धरातल पर उतारते हुए स्कूल शिक्षा विभाग विखं मस्तूरी ने एक अहम पहल की है। मस्तूरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिस्दा एवं शासकीय प्राथमिक शाला लावर में दिव्यांग विद्यार्थियों के शैक्षिक सहयोग हेतु स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति की गई है।



बीईओ के साथ एजुकेटर।

इस क्रम में पूजा कौशिक एवं डेनियल जॉन को स्पेशल एजुकेटर के रूप में पदस्थ किया गया। नियुक्ति उपरांत विखं शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीईओ शिवराम टंडन ने दोनों शिक्षकों को विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया। बीईओ शिवराम टंडन ने कहा कि, दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है। स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति से न केवल बच्चों को नियमित शिक्षा में सहयोग मिलेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता और सर्वांगीण विकास को भी नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर सहायक विखं शिक्षा अधिकारी रुद्रेश्वर प्रसाद एक्का, योगेश कुमार कौशिक, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सूरज क्षत्री, बीआरपी समावेशी शिक्षा कमलेश खोबरागढ़े, विनीता सिंह सहित कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने स्पेशल एजुकेटर को उनके नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी, और दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाया।

# फाइनेंस कर्मचारी के साथ बदमाशों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

रवाहन बदलने को लेकर बदमाश युवकों ने बजाज फाइनेंस के कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुसलमान मोहल्ला निवासी आरिन रजा खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह कादिर ऑटो स्थित बजाज फाइनेंस सेंटर में फाइनेंसर का काम करता है।




उसी फाइनेंस सेंटर से करही निवासी बहोरिक यादव ने दुपहिया वाहन फइनेंस कराया था, जिसके तहत 42 किश्त पटाने के लिए एग्रीमेंट साइन हुआ था। 9 दिसम्बर को शाम 5 बजे वह ऑटो सेंटर आया और नई गाड़ी बदलने की मांग करने लगा। इस पर पर आरिन ने 42 में केवल 6 किश्त अदा होने की बात कही। साथ ही उसने कहा कि, जब तक पूरी किश्त जमा नहीं होगी, तब तक दूसरा वाहन नहीं मिलेगा। इस बात को लेकर बहोरिक यादव ने अपने साथी सूर्य कुमार यादव, बादशाह और रोशन के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. ब-121/2025-26
ग्राम पंचायत खुड़िया

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम खुड़िया को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर केंवट पिता खेलन राम केंवट जाति केंवट निवासी ग्राम खुड़िया तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने बडे पिताजी रामजी जन्म/मृत्यु दिनाँक 11.10.1986 को ग्राम खुड़िया में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 16/12/2025 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनाँक 02/12/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मोहम्मद इब्राहिम पिता मोहम्मद इस्माईल निवासी चिंगराजपारा तहसील व जिला बिलासपुर की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ कि भूमि स्वामिनी श्रीमती अनिता घृतलहरे पति श्री राजकुमार घृतलहरे निवासी मांझापारा पहन्दा तहसील बेलगहना जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व अधिपत्य व कब्जे की भूमि मौजा-तिफरा प.ह.नं.40 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर खसरा नं. 814/42, 817/30, 818/7 कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है। इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय निकाय, संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे। 07 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक: 10.12.2025

**भवदीय**
**ललित विश्वकर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**नारियल कोठी, दयालबंद, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-93403-63261**
**98271-71022**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र...../अ-6-अ/2025-26
ग्राम उस्लापुर, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलू राम ध्रुव पिता अर्जून सिंह, निवासी सांई नगर, उस्लापुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर, प.ह.नं. 60, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 323/2 रकबा 2943 वर्गफीट भूमि अनावेदक बरातु पिता सालिकराम से खरीद कर 07.11.2017 को रजिस्ट्री पश्चात ऑनलाईन नामांतरण किया जा चुका है, परंतु वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में वाद भूमि अनावेदक बरातु पिता सालिक राम के नाम से प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 05/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी, बिलासपुर छ.ग.**
**-:: नोटिस प्रकाशन ::-**

क्र./ 55/ वाचक / ना. तह. / 2025
बोदरी, बिलासपुर दिनांक 18/11/2025

प्रति, 1. जमुनाबाई पिता/पति मयाराम, 2. फागूराम पिता खोरबहरा, 3. बलराम पिता गजानंद देह, 4. जमुना प्रसाद पिता महादेव, 5. बायजन बाई पति बलीराम, 6. देवकुमार राठौर पिता शिवप्रसाद, 7. कमरूनिशा पति शमशाद अली, 8. सुखदेव, 9. शमशाद अली पिता सैयद अली, 10. ध्रुव सिंह पिता दीनदयाल, 11. थुकेल बृजनंदन पिता बोधीराम 12. नर्मदा प्रसाद पिता मयाराम, 13. कृष्णा बाई पति मयाराम, 14. राजेन्द्र कुमार, 15. चमनकुमार देवांगन, 16. शालिनी देवांगन पति चमन कुमार देवांगन सभी निवासी ग्राम धमनी, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पटवारी हल्का नम्बर 07 ग्राम धमनी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम धमनी प.ह.नं. 07 तहसील बोदरी अंतर्गत निस्तार पत्रक मे दर्ज भूमि जो वर्तमान अभिलेख मे भू-स्वानी के रूप मे दर्ज है कि जानकारी चाही गई है पर उक्त संबंध मे अभिलेख जांच किया गया जिसमे ग्राम धमनी मे स्थित भूमि मे दर्ज निस्तार पत्रक की शासकीय भमि वर्तमान खसरा मे निजी भूमिस्वामी हक मे दर्ज होने का उल्लेख प्रस्तुत प्रतिवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध मे आप लोग अपना उपस्थित अगामी पेशी दिनांक 12/12/2025 को न्यायालय मे तयालयीन समय मे स्वत: /अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**इकरारनामा समाप्ति संबंधी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण का ग्राम अमसेना, प.ह.नं. 38, रा.नि.मं. व तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 558/2, रकबा 1.25 एकड़, जो कि राजस्व अभिलेखों में नाथुराम एवं संतराम दोनों के पिता स्व. जोहन साहू तथा श्रीमती भगनी पति स्व. जोहन साहू के संयुक्त नाम पर एवं उसी ग्राम अमसेना स्थित भूमि खसरा नंबर 558/3, रकबा 0.73 एकड़, जो कि राजस्व अभिलेखों में राजकुमारी पति श्री प्रेमलाल साहू के नाम पर दर्ज होकर उनके कब्जे में है, उक्त दोनों भूमि के संबंध में इकरारनामा दिनांक 07.03.2025 को योगेश पिता स्व. किशन लाल गुप्ता के साथ 06 माह के भीतर पंजीयन कराने हेतु हुआ था, उक्त संबंध में विक्रेतागण द्वारा कई व्यक्तिगत प्रयास के बाद भी क्रेता द्वारा विहित समय 06 माह के बाद 03 माह अतिरिक्त बीत जाने पर भी न तो अपने पक्ष में पंजीयन कराया गया और न ही अग्रिम राशि के अलावा विक्रय संबंधी शेष राशि प्रदान कर विक्रेता को सहयोग किया गया, बल्कि विक्रेतागण पर अव्यवहारिक दबाव बनाने का प्रयास किया गया, जिससे विक्रेतागण का मन क्रेता के प्रति रुष्ट हो गया है तथा वे उक्त परिस्थितियों में समय बाह्य इकरारनामा जो स्वयं शून्य हो गया है, के समाप्ति के संबंध में इस सूचना प्रकाशन के माध्यम से आमजन को सूचित कर रहे हैं कि, उक्त वर्णित भूमि के संबंध में तत्कालिन प्रस्तावित क्रेता योगेश गुप्ता का कोई लेन-देन नहीं है और न ही श्री योगेश द्वारा किया गया कोई आपत्ति मान्य होगा तथा उक्त भूमि के संबंध में पंजीकृत भूमि स्वामी अन्य लोगों से संव्यवहार करने को स्वतंत्र हो गए हैं।
सो सूचना जानें।

भवदीय
एस. बी. पाण्डेय (अधिवक्ता)
कार्यालय- जोरापारा, नया सरकंडा,
तह. व जिला बिलासपुर (छ. ग.)
मो. 8827987287

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी, बिलासपुर छ.ग.**
**-:: नोटिस प्रकाशन ::-**

क्र./ 54/ वाचक / ना. तह. / 2025
बोदरी, बिलासपुर दिनांक 19/11/2025

प्रति, 1. झर्री पिता मुरितराम, 2. धनंजय पिता फेकूलाल, 3. उत्तम पिता फेकूलाल, 4. राम पिता सीताराम, 5. छेदी पिता सीताराम, 6. दाताराम पिता कडरा, 7. बलदाउ पिता कडरा, 8. मुन्नीबाई पिता/पति सौपाल, 8. शिवप्रसाद पिता नोहर, 9. लखन पिता मंगलू, 10. सहदेव पिता समेलाल, 11. शिवप्रसाद पिता बुधराम 12. नकसा पिता शिवचरन, 13. लीलाबाई पिता / पति शिवसिंह, 14. धरमीन पिता / पति रामप्रसाद, 15. तरीराम पिता कलेश, 16. फूलवा पिता मेधवा, 17. चन्द्रशेखर शर्मा पिता सुबोध कुमार शर्मा, 18. नूतन शर्मा पिता मनोज शर्मा, 19. जितेन्द्र कुमार दुबे पिता स्व. किरण दुबे, 20. सावित्री देवी साव पति के.के. साव, 21. संदीप कुमार राय, 22. ज्ञान सिंह वर्मा पिता महासिंह, 23. जेठू पिता जाम, 24. गजानदासह पिता फूलसिंह, 25. विमल पिता टिब्बुराम, 26. शकुन्तला पिता/पति राममूर्ति, 27. संतोषी पिता/पति बाबूलाल, 28. अमरीका पिता/पति रामप्रसाद. 29. पुर्निमा पिता/पति रामप्रसाद, 30. ईश्वरी पिता/पति राधेश्याम चौबे, 31. संतोष पिता बाबूलाल, 32. सीताराम पिता रामप्रसाद, 33. देवेन्द्र पिता रामप्रसाद, 34. बुध्दु पिता घासीराम, 35. जगदेव पिता नोहर सुखदेव, 36. पुष्पा पिता रमेश, 37. रामदेव कौशिक पिता जगदीश कुर्मी, 38. मेधई पिता खेलावन, 39. गयाराम पिता बिसाहू, 40. संदीप पिता अरूण, 41.गोकुल पिता कडरा, 42 रामकुमार सभी निवासी ग्राम कड़ार तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पटवारी हल्का नम्बर 07 ग्राम कड़ार तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा गाम कड़ार प.ह.नं. 07 तहसील बोदरी अंतर्गत निस्तार पत्रक मे दर्ज भूमि जो वर्तमान अभिलेख मे भू-स्वामी के रूप मे दर्ज है कि जानकारी चाही गई है पर उक्त संबंध में अभिलेख जांच किया गया जिसमे ग्राम कड़ार म.नं. 01, म.नं. 02, म.नं. 03, म.नं. 04 मे स्थित भूमि मे दर्ज निस्तार पत्रक की शासकीय भमि वर्तमान खसरा मे निजी भूमिस्वामी हक मे दर्ज होने का उल्लेख प्रस्तुत प्रतिवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध मे आपलोग अपना उपस्थित अगामी पेशी दिनांक 15/12/2025 को न यालय मे न्यायालयीन समय मे स्वत: / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे।

आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक बनीं अर्चना



**पेंड्रा।** आदिवासी समाज की सशक्त आवाज और कांग्रेस की सक्रिय नेत्री अर्चना पोर्ते को अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। उनके चयन से संगठन में उत्साह का माहौल है, वहीं आदिवासी समाज में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। अर्चना पोर्ते लंबे समय से आदिवासी अधिकारों, सामाजिक न्याय और संगठनात्मक मजबूती के लिए सक्रिय रूप से कार्य करती रही हैं। जमीनी स्तर पर उनके निरंतर प्रयासों और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस नेतृत्व ने उनकी नियुक्ति को आदिवासी समाज को मजबूत प्रतिनिधित्व देने की दिशा में अहम कदम बताया है। नई जिम्मेदारी के रूप में अर्चना पोर्ते देशभर में आदिवासी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, राज्य इकाइयों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य संभालेंगी।

### जिले के 4 किसानों को मिलेनियर फार्मर अवॉर्ड



**मल्हार।** नगर के प्रगतिशील किसान जदुनंदन प्रसाद वर्मा को नई दिल्ली की पुसा संस्था में आयोजित समारोह में 'मिलेनियर ऑफ द फार्मर अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ जैसी गर्म जलवायु में सेव सेब की सफल खेती के नवाचार तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया है। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम कृषि जागरण द्वारा 7 से 9 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में 8 दिसंबर को किसानों श्री वर्मा सहित देशभर से चयनित अन्य उत्कृष्ट किसानों को भी सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर द्वारा जिले के चार किसानों के नाम चयनित किए गए थे। साथ ही फार्मट्रैक कंपनी द्वारा भी चार किसानों का चयन हुआ। इसमें मल्हार से जदुनंदन प्रसाद वर्मा, ग्राम केवतरा से सोहन पाटले, अनित पाटले तथा ग्राम जुनवानी से अर्जुन मरार शामिल है। बिलासपुर जिले के इन किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह प्रतिष्ठा बिलासपुर जिले और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का क्षण रहा।

### नवोदय कोचिंग सेंटर में आशीर्वाद समारोह



**मुंगेली।** नवोदय कोचिंग सेंटर में बच्चों के लिए आशीर्वाद समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने नवोदय कोचिंग सेंटर में आकर सभी बच्चों को नवोदय परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं सुझाव दिए। नवोदय कोचिंग के संचालक कृष्णचंद्र ताम्रकार ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र बताया।

### हाइवा चालक ने मारी ऑटो को टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** अज्ञात हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए इलेक्ट्रिक ऑटो चालक को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। जानकारी के अनुसार सकरी निवासी प्रकाश साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, उसका भाई सूरज साहू इलेक्ट्रिक ऑटो सीजी 10 सीए 0831 से उस्लापुर में सवारी छोड़कर वापस लौट रहा था। वह जरेली के पास पहुंचा, तभी अज्ञात हइवा चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 106,1 181 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### ग्रामोद्योग बोर्ड ने स्वरोजगार के लिए आमंत्रित किया आवेदन

**मुंगेली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत शासन द्वारा दी जा रही 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला पंचायत के खादी ग्रामोद्योग शाखा के सहायक संचालक, प्रभारी प्रबंधक कमलेश शर्मा ने बताया कि, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अजा, अजजा, ओबीसी, सामान्य वर्ग के लिए सायकल रिपेयरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग, ब्यूटी पार्लर, फोटोकॉपी, वीडियोग्राफी तथा विनिर्माण क्षेत्र दोना पत्तल निर्माण, फेब्रिकेशन, फर्नीचर निर्माण, पशुचारा निर्माण, नूडल्स एवं मसाला निर्माण आदि के लिए ऋण बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पीएमईजीपी पोर्टल में किया जा सकता है। इच्छुक आवेदकों को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, स्थायी निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पंचायती आवासीय प्रमाण पत्र, अनुमति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, 50 रूपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पैन कार्ड इत्यादि दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

## अधिकारियों के खिलाफ निलंबन व नोटिस की चेतावनी

# एसआईआर के कार्य की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एसआईआर को लेकर कलेक्टर ने सख्ती दिखाई है। निर्देशों का अनुपालन न होने एवं धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ निलंबन सहित नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने बुधवार को एसआईआर कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से बरेला, नगर पंचायत जरहागांव, ग्राम फुलवारी, नगर पंचायत पथरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशों का अनुपालन न होने एवं धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की और जरहागांव तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार को निलंबित करने तथा एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, जरहागांव सीएमओ सुरेश कुमार गुप्ता, सीएमओ बरेला नरेश मसीह, फुलवारी सेक्टर अधिकारी लखनलाल कुर्रे, रोजगार सहायक फुलवारी सुखदेव निषाद, बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों सहित अन्य संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसआईआर में अनकलेक्टेबल एवं पलायित लोगों की संख्या अधिक होने, उसके स्पष्ट आंकड़े एवं जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि, निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने श्रेणी सी अंतर्गत स्थायी रूप से स्थानांतरित, दीर्घकालीन अनुपस्थित तथा पहले से पंजीकृत व्यक्तियों की गलत प्रविष्टी तथा स्थानांतरित व पहले से पंजीकृत व्यक्तियों के ईपिक नम्बर ना प्राप्त किए जाने पर बीएलओ और अभिहीत अधिकारी पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा अनुपस्थित व्यक्तियों के नामों को हटाने और पहले से पंजीकृत प्रविष्टियों का अत्यंत सावधानीपूर्वक पुनरीक्षण किया जाए।



एसआईआर के संबंध में जानकारी लेते कलेक्टर।

### नाम जुड़वाने के नियमों में संशोधन

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के नियमों में निर्वाचन आयोग ने महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए अब फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र और पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो एवं आयोग के द्वारा सुझाए गए 11 दस्तावेजों में से कोई एक अनिवार्य कर दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि, दस्तावेजों की कमी या गलत जानकारी मिलने पर आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इस संबंध में 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक विधानसभावार स्थापित क्लस्टर में प्राप्त आवेदनों का दावा–आपत्ति ली जाएगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदक को स्वयं से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेजों की सही जानकारी देनी होगी। आवेदक को अपने परिवार के नाम, पता, जन्मतिथि, पूर्व निवास क्षेत्र तथा मतदान स्थल से संबंधित समस्त जानकारी स्पष्ट रूप से देनी होगी। आयोग के नियमों के अनुसार, एसआईआर में आवश्यक दस्तावेजों का मिलान किए बिना नाम सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा। नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म 6 में बताए गए जन्म एवं निवास से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़ने या संशोधन के लिए हर साल विशेष अभियान चलाया जाता है। बड़ी संख्या में लोग डिजिटल माध्यम से फॉर्म सबमिट तो कर देते हैं, लेकिन कई बार यह पता नहीं चलता कि फॉर्म सही तरह से फाइनल सबमिट हुआ है या नहीं। इस समस्या का समाधान करते हुए आयोग ने ऑनलाइन स्टेटस चेक की सुविधा शुरू की है। इस डिजिटल सुविधा से मतदाता केवल कुछ चरणों में अपने फॉर्म की स्थिति जान सकते हैं।



एमएफओआई अवार्ड से सम्मानित डीएफओ अभिनव कुमार।

## डीएफओ अभिनव को 'कृषि जागरण एमएफओआई अवार्ड'

**मुंगेली।** मुंगेली वनमंडल डीएफओ अभिनव कुमार को दिल्ली में कृषि जागरण एमएफओआई अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुंगेली वनमंडल में औषधीय पौधों के सघन रोपण और ऑग्मेंटेशन कार्य में मिली उल्लेखनीय सफलता को देखते हुए उन्हें यह सम्मान मिला।

जिले में वन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, जैवविविधता संरक्षण को बढ़ावा देने तथा वनांचल क्षेत्रें में रहने वाले समुदायों की आजीविका संवर्धन के लिए किए गए उनके कार्यों की व्यापक सराहना की जा रही है। वन विभाग द्वारा किए गए औषधीय पौधों के रोपण का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जंगलों का निर्माण, समुदायों का सशक्तिकरण तथा पारंपरिक औषधीय परंपरा को पुनर्जीवित करना है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आदिवासी एवं वन-सीमा क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के स्वास्थ्य और आजीविका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। आयुर्वेदिक पौधों की खेती को प्रोत्साहन मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। पौधों की नर्सरी, रोपण, संरक्षण और प्रसंस्करण से जुड़े कायोंर् ने लोगों की आय बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि, औषधीय पौधों के उत्पादन से छत्तीसगढ़ को हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य और मजबूत हुआ है। डीएफओ अभिनव कुमार को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान न सिर्फ वनमंडल बल्कि पूरे मुंगेली जिले के लिए गौरव का विषय है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए 77 प्रतिभागी

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत द्वारा आयोजित उमंग मेले में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर सहित क्षेत्र के आस पास की शासकीय-अशासकीय स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी में कुल सीनियर वर्ग के 77 प्रोजेक्ट को प्रजेंटेशन दी गई।

प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग बाल वैज्ञानिकों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुति दी। बच्चों ने विज्ञान और गणित की आधुनिक मॉडलों को दिखाकर लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। इस बाल मेले का आयोजन महिला संगवारी समिति एनटीपीसी सीपत के तत्वाधान में किया गया। प्रथम स्थान स्टीम टी प्रोजेक्ट बाल भारती पब्लिक स्कूल सीपत, द्वितीय स्थान पर बायोडीजल प्रोजेक्ट बाल भारती पब्लिक स्कूल सीपत और तीसरा स्थान पैडल पॉवर जनरेटर मशीन विरानी पब्लिक स्कूल सीपत को प्राप्त हुआ। इस दौरान महिला संगवारी समिति की अध्यक्षा साधना पांडेय ने विज्ञान प्रदर्शनी मेले में प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं उन्होंने कहा कि, उमंग मेले के सफल आयोजन के लिए महिला संगवारी समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। विरानी पब्लिक स्कूल के बच्चों की सराहना करते हुए स्कूल की संचालक नसीम विरानी व प्राचार्या तारा गिरी ने छात्रों को देश-प्रदेश में नाम रोशन करने की बात कही। विरानी पब्लिक स्कूल की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी में प्रभारी रितु डोंगरे एवं गणित प्रदर्शनी के लिए ओमप्रकाश यादव का योगदान सराहनीय रहा।



## दलहन-तिलहन फसलों की खेती को लेकर कृषक संगोष्ठी

**मस्तूरी।** विकासखंड के 90 गांव में ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत कराने कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

विगत 21 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के रकबा को कम करते हुए दलहन-तिलहन एवं मोटा अनाज वाली फसलों की बोनी किए जाने से होने वाली आर्थिक लाभ के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिसके अंतर्गत विकासखंड में मक्का, रागी , उड़द, सरसों, मूंगफली, मसूर के बीजों का व्यवस्था भी की गई है। उक्त बीज किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत फसल प्रदर्शन के रूप में निशुल्क प्रदान की जा रही है। इसमें मुख्य क्लस्टर के रूप में मूंगफली हेतु हरदाडीह, नवागांव, दर्राभांठा, हिर्री, रिसदा, वेद परसदा, भरारी, उदईबंद, चिल्हाटी, ऊनी, कुली, सीपत, बरेली, गुड़ी, देवरी, पंधी, जांजी, ठरकपुर, पोड़ी आदि ग्राम पंचायत को चिन्हांकित किया गया है। इसी प्रकार सरसों की फसल को लेकर ग्राम पंचायत रिसदा, सीपत, गुड़ी, नरगोड़ा, ऊनी, कुली, दर्राभांठा, लिमतरा, जांजी, रैलहा, भटचौरा, सोन, भुरकुंडा, टिकारी, मल्हार सहित अन्य ग्रामों में कलस्टर तैयार कर लिया गया है।



## क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीरगांव ने मारी बाजी



**तखतपुर।** मोछ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच कछार और बिरगांव के बीच खेल गया, जिसमें कछार ने बिरगांव की टीम को 5 विकेट से हराकर ट्राफी अपने नाम की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कछार ने 10 ओवर में 75 रन बनाकर 76 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे बिरगांव ने टीम ने 8 ओवर में ही हासिल कर लिया। विजेता टीम को कलेश्वर सिंगरौल की ओर से 45 हजार रूपए नकद एवं शील्ड, उपविजेता टीम को हर्ष सिंगरौल की ओर से 25 हजार रूपए रूपए एवं शील्ड दिया गया। मैन ऑफ द सिरीज निरतू के गुलशन यादव, मैन ऑफ द मैच बिरगांव के जयंत को दिया गया। पुरस्कार वितरण के अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित मारूति स्पोर्ट्स के संचालक मनोज वीरवानी ने कहा कि, क्रिकेट आज सभी वर्गों का सबसे प्रमुख और लोकप्रिय खेल है। यदि क्रिकेट का खेल हो रहा है, तो खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शक भी उतने ही जोश के साथ अपनी सहभागीता देते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि टेकचंद कारड़ा, कलेश्वर सिंगरौल, कीर्ति सिंगरौल, मनोज वीरवानी, पंकज सचदेव का स्वागत फूल माला सिंह किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्तिक, संतोष, सुखदेव, रामधुन, विरेंद्र, अनुज, प्रहलाद, हरीश, विरेंद्र, सुखदेव, आलोक, अमित, राजेंद्र, सुरेंद्र कश्यप, भरत, हरि, घनश्याम, सहित अन्य उपस्थित रहे।




## नपा की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद की बैठक में नवीन नगर पालिका भवन, पालिका बाजार सहित 67 विकास कार्यों के प्रस्ताव पर विचार किया गया। इसमें अधिकांश कार्यों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। नगर पालिका परिषद मुंगेली की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की घोषणा अनुरूप नगर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई।

परिषद की इस बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों द्वारा इन प्रस्तावित कार्यों में नवीन नगर पालिका भवन, नालंदा परिसर का निर्माण, पालिका बाजार निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल हैं, जिनके पूर्ण होने पर नगर की सुविधाओं में बड़ा बदलाव अपेक्षित है। आने वाले दिनों में करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। बैठक के दौरान नगर की आवश्यकताओं, जनसुविधाओं को बढ़ाने और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी पार्षदों ने नगर के हित में विकास योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष मोहन मल्लाह, वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव, पार्षद विजयलक्ष्मी शुक्ला, जितेंद्र दावड़ा, अजय साहू, सुरज यादव, नारद देवांगन, निमेश देवांगन, विनय चोपड़ा, रोशन सोनी, कुलदीप पाटले, संजय चंदेल, विजय बंजारा, दिलीप सोनी, असलम खान, पार्षद प्रतिनिधि मकबूल खान, रवि कोशले, आयुष शुक्ला, श्रवण सोनकर, अन्नू साहू, सत्तू देवांगन, सत्तू सिंह ठाकुर, इंजीनियर प्रतीक पाण्डेय, नेमीचंद वर्मा, विद्यानंद यादव और खिलेश्वर दीक्षित भी उपस्थित रहे। वहीं परिषद के द्वारा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं कलेक्टर कुंदन कुमार को विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाने एवं भूमि उपलब्ध कराए जाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही सभी सदस्यों ने नगर के विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प दोहराया।

## नेशनल कराते चैंपियनशिप में सरगांव के खिलाड़ियों ने जीते 9 मैडल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

भिलाई में 6 और 7 दिसंबर को आयोजित ऑल इंडिया ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप में सरगांव के कराते खिलाड़ियों ने जौहर दिखाते हुए 9 मेडल अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, बेमेतरा, रायगढ़, कोरबा, धमतरी, कवर्धा, सरगुजा, अंबिकापुर, बलौदाबाजार, भिलाई, मुंगेली से लगभग 750 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया, जिसमे सरगांव कराते स्कूल के खिलाड़ियों ने मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 गोल्ड, 1 सिल्वर एवं 7 ब्रांज मेडल भी जीते। बालक वर्ग 14-15 वर्ष 70 किलो में इसरार खान ने गोल्ड मेड, 16-17 वर्ष 75 किलो में निर्भय साहू ने ब्रॉन्ज, 14-15 वर्ष 63 किलो में राजीव त्रिपाठी, 14-15 वर्ष 45 किलो में देवराज साहू ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। वहीं बालिका वर्ग 13 वर्ष 35 किलो में अंशु साहू ने सिल्वर, 12 वर्ष 40 किलो में प्रियंका वर्मा, 11 वर्ष 35 किलो में पलक यादव, 13 वर्ष 40 में अंशु साहू किलो एवं सहित योगेश्वरी साहू ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।

## जिला कला एवं संरक्षण मंच ने किया सुरमई शाम का आयोजन

# दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की फिल्मों के गानों से सजाई महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जीपीएम जिला कला एवं संरक्षण मंच की ओर से हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र की याद में 9 दिसंबर मंगलवार को उनकी फिल्मों के गीतों की 'सुरमई शाम' का आयोजन किया गया। साथ ही गायक स्व मोहम्मद अजीज एवं संगीतकार गायक स्व बप्पी लहरी के मधुर गीतों की प्रस्तुति भी देकर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में जिले की प्रतिभाओं को अपनी गायकी प्रस्तुत करने का मंच मिला।

वहीं कार्यक्रम के अतिथियों ने भी मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। आयोजन समिति द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वालों को धर्मेंद्र की फिल्मों के गाने और मो अजीज एवं बप्पी लहरी के गीत प्रस्तुत करने थे, जिनमें एकल तथा युगल गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं इस माह प्रसिद्ध गायक उदित नारायण का जन्मदिन था, इसलिए कुछ गायकों ने उदित नारायण के गानों की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने कहा कि, इस तरह के आयोजन न केवल महान कलाकारों को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि उनकी यादों को संजोने का माध्यम भी है। कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सिविल सर्जन डॉ देवेंद्र पैकरा, रामनिवास तिवारी, आदित्य पांडे, मदन पांडे, महेश बंका, संतोष साहू, रवि केशरी, दीपक ठाकुर, अनिल केशरवानी, विजय आसनानी, संतोष तिवारी, विकास जायसवाल, मनीष पांडे, नितिन छाबरिया, शिवराज शुक्ला, हनी छाबरिया, राजकुमार रजक, बंटी अग्रवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अजय राय इत्यादि उपस्थित थे।



### इन्होंने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में जिला कला एवं संरक्षण मंच के अध्यक्ष निर्माण जायसवाल, जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, मीनाक्षी केशरवानी, पूजाश्री केशरवानी, श्वेता रोहिणी, सत्य नारायण जायसवाल, विनय सूर्यवानी, प्रशांत कुशवाहा, डॉ पवन सिंह, रमेश जायसवाल, अमित शर्मा, अजीत दुबे, प्रतीक गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, संजय शर्मा, आशुतोष तिवारी, राजेंद्र पावेल, अब्दुल रशीद ने मधुर गीतों से समा बांधा।

### गेवरा के प्रभावित ग्रामीणों ने वैशाली नगर खम्हरिया में विस्थापन की रखी मांग

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम गेवरा के प्रभावित ग्रामीणों ने वैशाली नगर खम्हरिया ग्राम में विस्थापन सहित डीआरसी की बैठक बुलाए जाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुसमुंडा प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर तीन सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग रखी है। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर निर्णायक आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2015 में इंदिरा स्टेडियम कुसमुंडा में आयोजित जनसुनवाई में प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी कि गेवरा ग्राम का विस्थापन वैशालीनगर-खमरिया ग्राम में किया जाएगा। इस सार्वजनिक घोषणा को 11 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक न तो विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की गई है न ही महत्वपूर्ण डीआरसीसी बैठक बुलाई गई है और न ही ग्रामीणों को उनका वैध मुआवज़ा प्रदान किया गया है। ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गेवरा ग्राम को जानबूझकर पीछे धकेलते हुए जरहाजेल डंपिंग और बरमपुर डंपिंग जैसी अन्य परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है ग्रामीणों ने इसे जनसुनवाई में किए गए वादों का खुला उल्लंघन और ग्रामवासियों के साथ घोर अन्याय बताया है। ग्रामीणों के अनुसार यह अनदेखी दर्शाती है कि उन्हें जानबूझकर परियोजना से बाहर करने की कोशिश की जा रही है जो कि सरासर धोखा है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने वाले कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कछार कचरा फैक्ट्री के पास भारी मात्रा में देशी शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर कछार निवासी विक्रम पटेल पिता बिहारी पटेल 25 साल को पकड़ लिया। थैले की तलाशी लेने पर 39 पाव देशी शराब मिला। पुलिस ने शराब जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बहला फुसलाकर नाबालिग से अनाचार

**बिलासपुर।** बहला फुसला कर घर से भगाकर नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 26 नवंबर 2025 को क्षेत्र की एक नाबालिग लापता हो गई थी। परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली, तखतपुर लिम्हा निवासी बसंत रात्रे पिता नामदास रात्रे 20 साल नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया है। सूचना पर पुलिस ने तुर्काडीह में दबिश देकर युवक को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पूछताछ में नाबालिग ने शारीरिक संबंध बनाने की जानकारी दी। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### भाकपा ने मनाया मानव अधिकार दिवस

**बिलासपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने देवरीखुर्द स्थित चंद्रशेखर आजाद मूर्ति के पास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार शर्मा, सुखऊ निषाद, लल्लन सिंह, एचडी पाईक, दुर्गा प्रसाद मेरसा, सफीउल्लाह खान, विक्रम शर्मा, महिला नेत्री पुरैन साहू, संजू ठाकुर, कंचन सोनी, विमला सरकार, गणेश निषाद, मनराखन सिंह गोड़, मंशाराम ठाकुर, चिल्लू सिंह ठाकुर, कन्हैया लाल यादव, संजय सिंह, शिव दिनकर, गणपत लाल, टिकेश कुमार, धीरज शर्मा, मदन साहू, प्रमोद मसीह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष से शव वाहन प्रदान करने मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज साहब के शहर आगमन पर रहमतबाग मुस्लिम कब्रिस्तान इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यों ने बीजीपी अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य प्यारू मोहम्मद के नेतृत्व में मुलाकात की। सदस्यों ने सफर ए आखिरत शव वाहन की मांग अध्यक्ष से की। सदस्यों के आवेदन पर सलीम राज ने अनुशंसा कर दी। आवेदन को कमेटी के सदस्यों ने मंथन सभाकक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम में मुलाकात कर शव वाहन प्रदान करने निवेदन किया था, जिसपर कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कल

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 दिसम्बर को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन एवं जिला स्तर पर विभाग प्रमुख उपस्थित होंगे। साथ ही 11 दिसम्बर तक बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा जिला कार्यालय के वित्त शाखा में प्रस्तुत करने कर्मचारी संगठन को निर्देश दिए गए हैं।

---

# 13 हजार से अधिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास अब ऑडियो-वीडियो कंटेंट से पढ़ेंगे बच्चे

## आने वाले शैक्षणिक सत्र से योजना लागू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 13 हजार से अधिक माध्यमिक और हाई स्कूलों में अब स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शिक्षा विभाग ने इस व्यवस्था को आने वाले शैक्षणिक सत्र से ही लागू करने की तैयारी तेज कर दी है। इसके बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए डिजिटल माध्यम, ऑडियो-वीडियो कंटेंट और ऑनलाइन शिक्षण का लाभ पहले से कहीं अधिक सुगमता से मिलेगा। ध्यान रहे कि प्रदेश में फिलहाल 1,388 स्कूलों में कंप्यूटर लैब और 5,857 स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित हैं। स्कूलों की संख्या को देखते हुए यह सुविधा अभी भी सीमित दायरे में थी। अब शिक्षा विभाग ने स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के दायरे को बढ़ाकर हर जिले, हर विकासखंड और हर ब्लाक के स्कूलों तक पहुंचाने की योजना बनाई है। संबंधित जिलों के अधिकारियों को स्कूलों की भौगोलिक स्थिति और छात्र संख्या के आधार पर प्राथमिकता तय करने के निर्देश भी भेज दिए गए हैं।

- प्रदेश में फिलहाल 1,388 स्कूलों में कंप्यूटर लैब की सुविधा
- डिजिटल माध्यम, ऑडियो-वीडियो कंटेंट से पढ़ाया जाएगा



### तैयारी तेज कर दी गई

आने वाले शैक्षणिक सत्र से ही इस योजना लागू करने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसके बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए डिजिटल माध्यम, ऑडियो-वीडियो कंटेंट और ऑनलाइन शिक्षण का लाभ पहले से कहीं अधिक सुगमता से मिलेगा।

- **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### दो मॉडलों पर काम

केंद्र प्रायोजित आइसीटी (इन्फार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी) योजना के तहत दो मॉडल पर काम चल रहा है। पहला मॉडल आइसीटी लैब का है, जिसमें कंप्यूटर सिस्टम स्थापित किए जाते हैं। यह लैब शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों के उपयोग के लिए होती है। इसका उद्देश्य छात्रों को टेक्नोलाजी के माध्यम से पढ़ाई, ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अन्य शिक्षण गतिविधियों से जोड़ना है। एआई आधारित लर्निंग, भाषा सुधारक टूल, वीडियो लेक्चर और वर्चुअल कान्सेप्ट क्लास जैसे साधनों का भी उपयोग किया जाएगा।

### ग्रामीण और शहरी स्कूलों के बीच कम होगा अंतर

गौरतलब है कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 56,895 स्कूल हैं। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट क्लास प्रणाली से ग्रामीण और शहरी स्कूलों के बीच शिक्षा के स्तर का अंतर कम होगा। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा की वही सुविधाएं मिलेंगी जो बड़े शहरों में उपलब्ध हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जल्द ही शिक्षकों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, ताकि वे डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर सकें। इस दिशा में चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा और हर जिले में मानिटरिंग सेल भी बनाई जाएगी।

### ऑडियो सिस्टम और डिजिटल माड्यूल

योजना का दूसरा हिस्सा स्मार्ट क्लासरूम है। इसमें बड़ी स्क्रीन, प्रोजेक्टर, ऑडियो सिस्टम और डिजिटल माड्यूल के माध्यम से स्कूलों में पढ़ाई कराई जाएगी। एक-एक स्कूल में बच्चों की संख्या के आधार पर एक से चार तक स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जाएंगे। शिक्षा विभाग का मानना है कि इससे पढ़ाई अधिक रोचक होने के साथ-साथ कठिन विषयों को भी बच्चों को सरलता से समझाया जा सकेगा, जिससे सीखने की गति और परिणाम दोनों में सुधार आएगा।

---

### सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन व शासन के बीच पांच वर्ष का अनुबंध समाप्त

# मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिए गली मोहल्लों में इलाज की सुविधा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के लोगों को पिछले एक महिने से मेडिकल मोबाइल यूनिट बस के जरिए इलाज की सुविधा मिलनी बंद हो गई है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट की बस गली-मोहल्लों में जाकर इलाज की सुविधा मुहैया कराती थी, लेकिन शासन व सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन के बीच पांच वर्ष का अनुबंध समाप्त हो जाने के कारण ये मोबाइल यूनिट बसें नगर निगम कोनी बस डिपो में खड़ी है।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत गली-मोहल्लों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच रही थी। मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिए स्लम क्षेत्रों में जाकर मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम बीमार, जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क इलाज करती थी। इस योजना के पहले गरीब तबके के लोगों को छोटे-छोटे बीमारियों के इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते थे और इलाज0 में उनका काफी खर्च भी हो जाता था तथा अस्पताल आने-जाने में समय लगता था और परेशानी भी होती थी। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से शहरों के स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक बेहतर ईलाज तो मिल ही रहा था साथ ही निःशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा और दवाई भी दी जाती थी। इसके लिए राज्य शासन और सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन के बीच वर्ष 2020 में अनुबंध हुआ था। यह अनुबंध पांच वर्ष के लिए था जो 1 नवंबर 2025 को पूरा हो गया है। नगर निगम की ओर से अनुबंध आगे बढ़ाने के संबंध में शासन को पत्र लिखा गया है, किन्तु शासन से अब तक इस संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है इसलिए मेडिकल मोबाइल यूनिट वाली पांच में से चार बसें कोनी सिटी बस डिपो परिसर में खड़ी है।

**कोनी बस डिपो में खड़ीं है बसें**




कोनी बस डिपो में खड़ी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की बसें।

### मेडिकल मोबाइल यूनिट अपने आपमें अस्पताल

मेडिकल मोबाइल यूनिट वाली बसें अपने आप में पूरा अस्पताल है, जिसमें डॉक्टर समेत मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं मौजूद रहती थी। इसमें ब्लड, यूरिन कल्चर सीबीसी, मलेरिया जैसे रोगों की जांच निःशुल्क की जाती थी। मोबाइल यूनिट में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, पल्स ऑक्सीमीटर जैसे स्वास्थ्य उपकरण भी उपलब्ध है।

### नवंबर 2020 में शुरू हुई थी योजना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत राज्य के सभी नगर निगमों में स्लम एरिया के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिए निःशुल्क ईलाज की सुविधा 1 नवंबर 2020 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू किया गया था।

### शासन को पत्र लिखा गया

शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट संचालन के लिए शासन और सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन कंपनी के बीच अनुबंध 1 नवबंर को समाप्त हो गया है। आगे मोबाइल यूनिट चलाने के लिए स्टाफ के वेतन भुगतान आदि की समस्या आएगी इसलिए इस संबंध में शासन को पत्र लिखा गया है। अभी तक इस बारे में कोई निर्देश नहीं आया है इसलिए मोबाइल यूनिट बसें बंद खड़ी हैं।

-**अनुपम तिवारी**
स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

---

# पुराने आरक्षकों की सहायता से सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक माह की कड़ी मेहनत व पुराने अनुभवी आरक्षकों की सहायता से तिफरा में उत्तर प्रदेश के ड्राइवर की अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में बड़ी सफलता मिल गई है। पता चला है कि नशे में कहासुनी होने से दो युवकों ने मारपीट कर पत्थर से कुचलकर ड्राइवर की हत्या कर दी थी। उसके बाद पहचान छिपाने के लिए अपना व मृतक के थैले में रखे कपड़ा से लाश को जला दिया था। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया, 7 नवंबर 2025 के तिफरा होटल ग्रेण्ड लोटस के पीछे झाड़ियों के बीच एक अज्ञात पुरूष की अधजली लाश मिली थी। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गए। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। सीएसपी श्री परिहार ने टीआई किशोर केंवट के साथ साइबर सेल के सहयोग घटनास्थल के पास मोबाइल टावर डंप कराया गया। 200 से अधिक मोबाइल नंबर सामने आए। उसमें से बंद मोबाइल नम्बर की छंटनी कर उसका काल डिटेल निकालकर परिजन से संपर्क किया। उसके बाद मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश सेमिया नेवारी जुगैल सोनभद्र उत्तर प्रदेश निवासी ड्राइवर गोपाल कोल पिता मुन्ना कोल 26 साल के रूप में पहचान हुई।



### दोनों आदतन आरोपी हैं

टीआई श्री केंवट ने बताया, आरोपी धनेश उर्फ राजू लोधी के खिलाफ पूर्व में चोरी, मारपीट, हत्या के प्रयास के सहित 5 मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी अरूण दास मानिकपुरी के खिलाफ पूर्व में मारपीट लूट, चोरी के दो मामले दर्ज है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मृतक शराब दुकान से एक पव्वा देशी शराब लेकर होटल के पीछे बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान उक्त दोनों आरोपी आए और पास में बैठकर शराब पीने लगे। दोनों आरोपियों को अधिक नशा हो गया और नशे में मृतक के साथ विवाद करने लगे। वह भी नशे में झगड़ने लगा और उनके बीच तू तू मै मै होने लगी। गुस्से में आकर दोनों आरोपियों ने मारपीट कर उसे जमीन में गिरा दिया और पत्थर से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद लाश झाड़ियों में ले जाकर मृतक के थैले में रखे कपड़ा व अपना कपड़ा उतारकर लाश को जलाकर बिना कपड़े के घर भाग गए थे।

### करा लिया था मुंडन

हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद नहीं पकड़े जाने पर आरोपी अरूण दास मानिकपुरी ने अपने सिर का मुंडन करा लिया था। शराब पीने के दौरान मुखबिर ने उससे मुंडन कराने के संबंध में पूछा तो नशे में बताया कि उसने एक व्यक्ति की हत्या कर लाश जला दी है।

### तीन दिन तक शराब दुकान में भटकते रहे आरक्षक

सीएसपी श्री परिहार ने मृतक की पहचान होने पर सिरगिट्टी थाना के वर्तमान आरक्षक अतुल सिंह, लक्ष्मी कश्यप, तरूण केशरवानी, बोधूराम कुम्हार व पुराने काम कर चुके सिविल लाइन से आरक्षक केशव मार्को, सरकण्डा से आरक्षक विरेन्द्र साहू, तारबाहर से आरक्षक अश्लम की टीम बनाई। आखरीबार मृतक शराब दुकान में दिखा था। उसी ऐंगल में सिपाही सिविल ड्रेस में तीन दिन तक शराब दुकान के आसपास भटकते रहे। वहीं मुखबिरों को पैसा देकर शराब पीने के लिए शराब दुकान भेजा जा रहा था। इसी दौरान आरक्षक मार्को को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब पीने के दौरान तिफरा अभिलाषा परिसर निवासी अरूण दास मानिकपुरी पिता सुम्मत दास मानिकपुरी 30 साल एक व्यक्ति की हत्या कर जला देने की बात कह रहा था। उसके बाद टीम ने अरूण दास मानिकपुरी को हिरासत में ले लिया। कड़ाई बरतने पर उसने अपने दोस्त तिफरा यातायात नगर निवासी धनेश लोधी उर्फ राजू पिता सिद्धराम लोधी 34 साल के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके दोस्त धनेश लोधी उर्फ राजू को पकड़कर पूछताछ की तो उसने भी स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1, 238 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### हत्या के बाद सूने मकान में की चोरी

हत्या के बाद नहीं पकड़े जाने पर आरोपी अरूण दास मानिकपुरी के हौंसले बुलंद हो गए थे। इस दौरान उसने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अभिलाषा परिसर के एक सूने मकान से सवा लाख रुपए के जेवर, नकद, लैपटाप, मोबाइल चोरी किया था। पुलिस उसके फरार साथी की तलाश कर रही है।

---

# 269 दलालों के खिलाफ कार्रवाई 59 लाख रुपए की टिकिट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध टिकिट दलालों के खिलाफ की छापामार कार्रवाई

रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध टिकिट दलालों के खिलाफ छापामार कार्रवाई करते हुए अब तक 269 टिकिट दलालों से 59.89 रुपए की ई-टिकिट जब्त करने के बाद रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल की ओर से यात्रियों की सुरक्षा, उनकी सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने तथा रेलवे टिकट प्रणाली को अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने हेतु लगातार प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में ऑपरेशन यात्री सुरक्षा और ऑपरेशन उपलब्ध के तहत उल्लेखनीय सफलताएँ दर्ज की गई हैं। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आरपीएफ़ ने महत्वपूर्ण स्टेशनों में होने वाले यात्रियों से संबंधित अपराधों का गहन विश्लेषण कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। तीनों मंडलों में विशेष टास्क टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक पोस्ट स्तर पर टीमें सक्रिय की गईं है। सभी अपराध गुप्तचर शाखाओं को पूरी तरह एक्टिव किया गया है। इसके साथ ही रात्रिकाल में महत्वपूर्ण यात्री गाड़ियों में स्कार्टिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया सहित प्रमुख स्टेशनों से यात्रियों से संबंधित अपराध करने वाले 267 आरोपियों के विरुद्ध कारवाई किया गया। वहीं वर्ष 2025 में अब तक 294 आरोपियों के विरुद्ध किया गया है। अवैध टिकट दलाली पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन उपलब्ध लगातार चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत तीनों मंडलों में छापेमारी कर वर्ष 2024 में 331 अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से लगभग 1.27 करोड़ रुपये मूल्य के टिकट बरामद किए गए। वर्ष 2025 में अब तक 269 अवैध टिकट दलालों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। उनके पास से लगभग 59.89 लाख रुपये मूल्य की ई-टिकटें जब्त कर रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई है, जिसके अंतर्गत अधिकतम तीन वर्ष की सजा का प्रावधान है।

### रोशनदान से घुसकर राइस मिल से 1 लाख 55 हजार नकद, मोबाइल चोरी

**बिलासपुर।** चोरों ने रोशनदान से घुसकर राइस मिल के आफिस के आलमारी व टेबल का दराज तोड़कर 1 लाख 55 हजार रुपए नकद व मोबाइल चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, बिल्हा वार्ड क्रमांक 4 निवासी अनिश अग्रवाल पिता अनिल कुमार अग्रवाल की ग्राम गुमा में राइसमिल है। 8 दिसंबर को वे बैंक से 2 लाख रुपए निकालकर 1 लाख 55 हजार रुपए राइसमील के आफिस के आलमारी में रखकर घरेलू कार्य होने से जल्दी घर चले गए। रात 9 बजे मिल के कर्मचारी बंद कर अपने अपने घर चले गए। देर रात चोरों ने रोशनदान से आफिस में घुसकर आलमारी व टेबल का दराज तोड़कर 1 लाख 55 हजार रुपए नकद व एक मोबाइल चोरी कर लिया, फिर उसी रास्ते से भाग गए। 9 दिसंबर को कर्मचारी मिल पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। उसके बाद श्री अग्रवाल ने मिल जाकर देखा तो आलमारी व टेबल का दराज टूटी मिली। सूचना पर पुलिस ने मिल जाकर आफिस का निरीक्षण किया। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# कोनी-मोपका सड़क का निर्माण जल्द, फोरलेन का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी कोनी-मोपका सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। तेरह किलोमीटर लंबाई में नए सिरे से निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 59 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बेलतरा विधायक की मांग पर इस सड़क को फोरलेन बनाने संबंधी पत्र भी शासन को भेजा गया है।

कोनी से मोपका के बीच पूरी तरह बर्बाद हो चुकी सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान में यह सड़क तेरह किलोमीटर लंबाई में टू-लेन बनाई जानी है।

शासन द्वारा इससे लिए 59 करोड़ रूपए की स्चीकृति प्रदान की गई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला के द्वारा भविष्य में ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखते हुए एवं इस सड़क की उपयोगिता के मद्देनजर फोर लेन बनाने का सुझाव दिया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार एवं वर्तमान में उपलब्ध राशि के आधार पर फिलहाल सड़क को टू-लेन बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही क्षेत्रीय विधायक के प्रस्ताव से शासन को अवगत कराने के लिए पत्र भेजा गया है।

### राशि मिली टू-लेन के लायक

**बेलतरा विधायक की मांग भविष्य को देखते हुए फोरलेन बने**

### प्रस्ताव

कोनी-मोपका टू-लेन सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। तेरह किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क के लिए 59 करोड़ की स्वीकृति मिली है। क्षेत्रीय विधायक के प्रस्ताव अनुसार सड़क को फोरलेन बनाने संबंधी स्वीकृति के लिए भी शासन को पत्र भेजा गया है।

-**सीएस विंध्यराज**, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

